हरिभूमि

# सिरसा-फतेहाबाद भूमि

रोहतक, सोमवार, 1 जुलाई 2024

12 करोड़ों का टैक्स देने के बाद भी ठेकेदार नहीं उठा रहे कचरा



12 रक्तदान के प्रति सोच समाज के लिए सकारात्मक संदेश : अनिल



**खबर संक्षेप**

### तरसेम शर्मा बने विप्र फाउंडेशन के महासचिव



**भूना।** राष्ट्रीय विप्र फाउंडेशन फतेहाबाद के जिलाध्यक्ष एवं भूना क्षेत्र के प्रमुख समाजसेवी तरसेम शर्मा उर्फ राजेंद्र देवगन को विप्र फाउंडेशन हरियाणा का प्रदेश महासचिव पद की जिम्मेदारी सौंपी है। अपनी नियुक्ति पर शर्मा ने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जितेंद्र भारद्वाज व प्रदेश अध्यक्ष कुलदीप विशिष्ठ का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि समाज की उन्नति और प्रगति को लेकर सामाजिक कार्यों में अग्रणीय रहेंगे।

### गाड़ी की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

**फतेहाबाद।** जिले के शहर टोहाना में रतिया रोड पर अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल में टक्कर दे मारी। इस हादसे में बाईक सवार युवक की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में जमालपुर स्टेशन के पास बनी ढाणी में रहने वाली महिला सीतो देवी ने कहा है कि वह अपने पति हंसराज के साथ जीरी लगाने के लिए गई हुई थी।

### डबवाली में पति ने किया पत्नी का कत्ल

**डबवाली।** उपमंडल के गांव गीदड़खेड़ा में घरेलू कलह में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी का कत्ल कर दिया। मां के कत्ल के बाद बेटे ने ही बाप के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। मिली जानकारी के मुताबिक गांव गिदड़खेड़ा निवासी धर्मपाल की अपनी पत्नी राजबाला के साथ अनबन रहती थी। बताया जा रहा है कि कल रात पति-पत्नी में किसी बात को लेकर विवाद हुआ और उसके बाद तैश में आकर धर्मपाल ने राजबाला के सिर पर कुल्हाड़ी से वार कर दिया। वार इतना जबरदस्त था कि महिला राजबाला की मौत हो गई। इस मामले में सदर पुलिस ने मृतका के बेटे की शिकायत पर मामला दर्ज किया है।

## पिछले साल आई बाढ़ के मद्देनजर तटवर्तीय क्षेत्र के लोग भयभीत

# चिम्मो रंगोई नाला जलकुंभी और खरपतवार से अटा, कैसे होगी बरसाती पानी की निकासी

### रंगोई के कमजोर किनारों को नहीं किया गया मजबूत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जाखल/फतेहाबाद

बीते वर्ष जैसे हालात इस साल न बन जाए, इसको लेकर जिला प्रशासन बड़े-बडे.दावे कर रहा है। सिंचाई विभाग के अधिकारियों का कहना था कि इस बार मानसून की बरसात से पहले क्षेत्र में हर जगह से रंगोई नाले की पुख्ता सफाई का कार्य पूरा कर लिया जाएगा, लेकिन मानसून की दस्तक और क्षेत्र में हुई मानसून की पहली बरसात के बाद भी कुछ स्थानों पर अधिकारियों का दावा अभी तक हवाई साबित हुआ हैं। हालांकि सिंचाई विभाग द्वारा क्षेत्र से गुजरती घग्घर नदी व रंगोई नाले के अधिकतर स्थानों पर सफाई आदि का काम मानसून की दस्तक देने से पहले ही पूरा कर लिया था, लेकिन क्षेत्र में चिम्मो गांव के पास से निकलते रंगोई नाले में बाढ़ बचाव प्रबंधों को लेकर प्रशासनिक अधिकारी मानसून की दस्तक के बाद भी जागे नहीं है। रंगोई नाला फतेहाबाद सिंचाई विभाग के अंतर्गत आता है। अफसरों द्वारा अभी तक रंगोई नाले की सफाई तक नहीं कराई गई है। पुल के पास से ही रंगोई नाला जलकुंभी, खरपतवार से अटा पड़ा है। आसपास के ग्रामीणों का कहना है कि हालांकि प्रशासन द्वारा यहां पर प्रबंधों को लेकर कार्य करने की रस्म अदायगी की गई है, लेकिन सफाई व्यवस्था अभी तक शून्य होने के साथ साथ रंगोई के कमजोर तटबंधों को भी पुख्ता ढंग से मजबूत नहीं किया गया है।



**जाखल।** जलकुंभी से अटा पड़ा रंगोई नाला।

### नाला ओवरफ्लो होने से बढ़ा तबाही का खतरा

विभाग की इस अव्यवस्था को लेकर रंगोई नाले के तटवर्ती क्षेत्र में बसे गांव के लोग इस बार खासे भयभीत हैं। दरअसल पहाड़ी क्षेत्र में बारिश अधिक होने पर घग्घर नदी में पानी अधिक आने पर इस पानी को घग्घर के सहायक रंगोई नाले में छोड़ा जाता है। ऐसे में यदि रंगोई नाले में पानी 'यादा बहता है तो सफाई के अभाव में नाले में उगी 4-5 फुट जलकुंभी जल प्रवाहित होने में बाधा उत्पन्न करेगी, लिहाजा इससे नाला ओवरफ्लो होने से नाले के तट पर बसे गांवों में पानी आने से बड़ी तबाही मचाने का खतरा बना है। लोगों में भय का मुख्य कारण बीते वर्ष यहां पर रंगोई नाले का बांध टूटने से क्षेत्र में आई बाढ़ से होने वाला विनाश है। पिछले वर्ष यहां आई बाढ़ से दर्जनों गांवों की आबादी के इलावा सैंकड़ों एकड़ भूमि जलमग्न हो गई थी। उस बाढ़ के मंजर को याद कर खासकर किसान वर्ग अभी से चिंता में डूबा हुआ है, जबकि प्रशासन पर इसका कोई प्रभाव नजर नहीं आ रहा है।

### *सुरक्षा प्रबंध अभी तक फाइलों में ही सिमटे*

*मानसून का सीजन आरंभ हो चुका है, लेकिन यहां पर बाढ़ प्रबंधों को लेकर अभीतक प्रशासन कुंभकर्णी नींद से जागा नहीं है। सुरक्षा प्रबंध अभी तक फाइलों में ही सिमट कर रह गए हैं। धरातल पर अभी तक जहां पर न तो रंगोई नाले की सफाई हुई है और न ही इसके तटवर्ती किनारों को पुख्ता ढंग से मजबूत किया गया है। इससे किसानों के माथे पर चिंता की लकीरे स्पष्ट देखने को मिल रही है। मौसम विभाग के अनुसार इस मानसून सीजन में भी अच्छी बरसात होने के आसार बताए गए हैं। इससे किसानों को भय बना हुआ है कि यदि तेज बरसात से रंगोई नाला ओवरफ्लो होता हैं तो आसपास क्षेत्र में इस बार भी बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। भले ही जिला प्रशासन द्वारा बाढ़ संभावित क्षेत्रों में बाढ़ व प्राकृतिक आपदाओं से बचाव को लेकर सिंचाई महकमे के अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए गए हैं। नियमानुसार बाढ़ की आशंका के मद्देनजर जून माह में ही रंगोई नाले से जलकुंभी पौधों के साथ साथ घासफूस व कचरा आदि सफाई करना अनिवार्य हैं। अधिकारी चिम्मो साईफन पर रंगोई नाले की सफाई किए जाने का दावा कर रहे हैं, लेकिन क्षेत्र के किसानों के मुताबिक अभी तक प्रशासन द्वारा रंगोई नाले की सफाई व पुख्ता ढंग से इसकी पटरियों का मुरम्मत कार्य तक नहीं किया गया है। गांव चिम्मो के पास सड़क पर से निकलते रंगोई नाले में खरपतवार भरी हुई है।*

### *क्या कहते हैं जिम्मेदार अधिकारी*

*बाढ़ बचाव प्रबंधों को लेकर विभाग पूरी तरह से सजग है। रंगोई नाले की सफाई के लिए मनरेगा कर्मियों को लगाया हुआ है। पुल के पास से रंगोई नाले में उगी जलकुंभी व खरपतवार को बाहर निकलवा कर जल्द ही सफाई कार्य पूरा करवा दिया जाएगा। इसके अलावा रंगोई नाले के कमजोर तटबंधों को भी मजबूत करा दिया गया हैं। आने वाले दिनों में पानी अधिक आने पर बाढ़ आपदा से निपटने के लिए विभाग द्वारा पूरी तैयारी कर ली गई है।*

*-राजेश कुमार, एसडीओ, सिंचाई विभाग फतेहाबाद*

### एसपी विक्रांत ने थाना प्रभारियों को नए कानूनों के बारे में किया अपडेट

**सिरसा।** देश भर में कल एक जुलाई से न्याय केंद्रित तीन नए कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1 जुलाई से लागू होने जा रहे हैं। इस संबंध में जिला के पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने तीनों नए कानूनों को ग्राउंड स्तर पर लागू करने के लिए जिला के सभी पर्यवेक्षण अधिकारियों, थाना प्रभारियों, पुलिस चौकी इंचाजोंर् सभी यूनिट इकाइयों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बैठक कर कहा कि जिला पुलिस के अधिकारियों द्वारा सेमिनार व गोष्ठियां आयोजित कर तीनों कानूनो के बारे में पूर्ण रूप से अवगत करवा दिया गया है, इसलिए सभी जांच अधिकारी पूरी तरह से अपडेट रहे। एसपी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सभी थाना प्रभारी तथा अधिकारियों को अवगत करवाया कि कल से लागू होने वाले तीनों नए कानून को सीसीटीएनएस सॉफ्टवेयर मे अपलोड किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि तीनों नए कानून को लेकर कुछ टेबल्स बनाई गई है, जिसकी मदद से आसानी से पुराने कानूनों के स्थान पर बदले गए नए कानूनों को समझा जा सकता है। पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने कहा कि तीनों नए कानून की डिटेल टेबल्स कल तक जिला के हर पुलिसकर्मी के मोबाइल में अपलोड होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हर थाना प्रभारी की जिम्मेवारी बनती है कि वह अपने थाने में तीनों नए कानून के संबंध में संशोधित नई बुक तथा एक्ट की पूरी बुक थानों में उपलब्ध करवाने का जिम्मेवार होगा।

## फर्जी दाखिलों के मामले में एफआईआर से सरकार कटघरे में : नमन केडिया

- भाजपा सरकार पर भ्रष्टाचार में लिप्त होने का आरोप लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

हरियाणा युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव नमन केडिया ने प्रदेश में हुए शिक्षा घोटाले में हुई सीबीआई की एफआईआर पर हरियाणा भाजपा सरकार पर भ्रष्टाचार में लिप्त होने का आरोप लगाया है। यहां जारी एक बयान में नमन केडिया ने कहा कि हरियाणा में भाजपा के सत्तासीन होने के बाद भ्रष्टाचार का खुला खेल हो रहा है, और अब तो इसके सुबूत भी सामने आ रहे हैं। सीबीआई ने तीन मुकदमे दर्ज किए हैं। प्रदेश में 2014 में भाजपा सरकार बनने के बाद 2016 तक दो साल में सरकारी स्कूलों में चार लाख बच्चों का फर्जी दाखिला दर्शाया गया है। इन बच्चों के नाम पर छात्रवृत्ति, मिड डे मील और वर्दी के पैसे सरकारी खातों से निकलते रहे। इन बच्चों के नाम पर सरकारी अध्यापक हायर किए गए और उनके वेतन को भी बता कर करोड़ों रुपए का गोलमाल किया गया। युवा नेता ने कहा कि तीन-तीन एफआईआर होने के बावजूद भाजपा के नेताओं, तत्कालीन शिक्षा मंत्री और मुख्यमंत्री को बचाया गया। पूरे प्रदेश में स्कूलों में फर्जी प्रवेश दिखाए गए। उन्होंने कहा कि सीबीआई को सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर एफआईआर करनी पड़ी है। 2019 में सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया था कि सीबीआई तीन महीने में जांच करके रिपोर्ट फाइल करे, लेकिन सीबीआई ने इसमें पांच साल लगा दिए। उन्होंने राज्यपाल से मांग की कि भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी सरकार को बर्खास्त करें ताकि जनता की खून-पसीने की कमाई को भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ने से रोका जा सके।

## अपराधी की पत्नी के घर 9 जिंदा कारतूस बरामद

- आरोपी महिला को गिरफ्तार कर जेल भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भूना

कुख्यात अपराधी पुजारी रवि उर्फ चूहा की पत्नी ज्योति के घर से पुलिस ने सर्च अभियान दौरान रविवार सुबह 9 जिंदा कारतूस 32 बोर बरामद किए। आरोपी महिला ज्योति के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज करके गिरफ्तार किया है। डीएसपी जगदीश काजला के नेतृत्व में रविवार की सुबह अचानक अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों को घरों पर छापामार अभियान चलाया गया। सुरक्षा अभियान में डीएसपी जगदीश काजला के अतिरिक्त एसएचओ संदीप कुमार सहित 30 से ज्यादा पुलिस कर्मियों ने नशा व बदमाश किस्म के व्यक्तियों के घर में घुसकर तलाशी ली। महिला एसआई शिक्षा देवी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने भूना के बाबा राणाधीर मंदिर के नजदीक वार्ड नं. 5 में रहने वाले रवि उर्फ चूहा उर्फ पुजारी के घर पर गुप्त सूचना के आधार नियमानुसार तलाशी ली तो उसकी पत्नी ज्योति घर पर मिली। पुलिस ने घर में तलाशी ली तो एक जगह छुपाए हुए 9 जिंदा कारतूस 32 बोर मिल गए। वहीं पुलिस की एक टीम ने एमपी सोतर में आरोपी राजकुमार से 100 लीटर के करीब लाहन व 2 लीटर हथकढ़ देसी शराब बरामद की।



**भूना।** महिला आरोपी के घर तलाशी लेती पुलिस।

### अपराधिक गतिविधियों पर निगरानी : काजला

डीएसपी जगदीश काजला ने बताया कि भूना शहर में अपराधिक मामलों में काफी ग्राफ गिरा है। पुलिस लगातार अपराधिक तत्वों पर नजर रखे हुए हैं। अब कई बदमाश पुलिस की अच्छी पैरवी के चलते जेल में बंद है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में कोई भी बदमाश पनपने नहीं दिया जाएगा और आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगेगा। उन्होंने नशा तस्करी से जुड़े लोगों को चेताया कि वह समाज का नाश करने वाले कारोबार को बंद कर दे, वरना उन्हें जल्द ही सलाखों के पीछे धकेला जाएगा। डीएसपी ने लोगों से आसपास नशा बेचने वाले लोगों की सूचना देने का भी आह्वान किया।

## स्वास्थ्य मंत्री आज करेंगे 11 मामलों की सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

जिला लोक संपर्क एवं जनपरिवाद समिति की बैठक एक जुलाई दोपहर 12 बजे डीपीआरसी हॉल में आयोजित होगी। इस बैठक की अध्यक्षता प्रदेश के स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान, आयुष एवं नागरिक उड्डयन मंत्री डॉ. कमल गुप्ता करेंगे। इस बैठक में कुल 11 परिवाद रखे जाएंगे। उपायुक्त राहुल नरवाल ने बताया कि जिला लोक संपर्क एवं जनपरिवाद समिति की बैठक में 7 परिवाद पिछली बैठक में रहे लंबित परिवाद है, जिनकी सुनवाई की जाएगी। इसके अलावा 4 परिवाद नये रखे गए हैं। उन्होंने बताया कि जिला लोक संपर्क एवं जनपरिवाद समिति की बैठक में पुलिस विभाग से 4 तथा अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय, जिला विकास एवं पंचायत विभाग, जिला समाज कल्याण विभाग, दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम फतेहाबाद, कार्यकारी अभियंता जन स्वास्थ्य फतेहाबाद, सहायक रजिस्ट्रार कॉ-ऑपरेटिव समिति, उप आबकारी एवं कराधान आयुक्त से संबंधित एक-एक परिवाद सुनवाई के लिए रखे गए जाएंगे।

## पौधरोपण कर पर्यावरण का करें संरक्षण

- मुख्यातिथि के रूप में पहुंचे राइडर्स यूनाइटेड ग्रुप ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा, महाराजा अग्रसैन सेवादल सिरसा व सतगुरु सेवा ट्रस्ट, सिरसा के सयुक्त प्रयास से लगातार चौथे रविवार को भादरा पार्क सिरसा में पौधरोपण किया गया। यह जानकारी देते हुए सन्नी बांसल, आकाश चाचान, शिवा बांसल ने बताया की जितने पौधे अभी तक हमने लगाए है उन सबको प्रतिदिन पानी दिया जाता है व उनका रखरखाव भी किया जाता है। हमारा लक्ष्य सिरसा शहर व आसपास मे 1500 पौधे लगना है। आज भादरा पार्क मे मुख्यातिथि के रूप में पहुंचे राइडर्स यूनाइटेड ग्रुप ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। राइडर्स यूनाइटेड ग्रुप की तरफ से डॉ. आशीष खुराना, अमित सोनी, अपूर्व मेहता, अंकित गांधी, एकेश, तरुण मेहता, पवन परिहार, कुलदीप सुथार, विपुल, हिमांशु, भावुक ने पौधरोपण का महत्व बताते हुए कहा कि कि पौधरोपण कर हरियाली को बढ़ाया जा सकता है इससे ही पर्यावरण संरक्षण किया जा सकता है। और कहा कि पर्यावरण को स्वस्थ और सुंदर बनाए रखने के लिए सभी का सामूहिक प्रयास आवश्यक है। आज कम से कम एक पौधा जरूर लगाएं। अपने द्वारा लगाए गए पौधे की देखरेख भी करें। साथ ही उन्होंने बताया कि पेड़ ही जीवन है। इस पौधरोपण अभियान में विशेष रूप से पहुंचे अग्रोहा विकास ट्रस्ट सिरसा की तरफ से अनील सर्राफ, अश्वनी बांसल, संजय गोयल, अजय जैन, प्रदीप गुप्ता, भारत भूषण गोयल , भीम सिंगला, किशन बांसल, पारुल सेठी ने कहा कि वर्तमान समय में मौसम बहुत अनुकूल है। लोगों में जन चेतना जन उत्साह है। इस मौके पर एडवोकेट प्रतीक बांसल, सुनील सिंगला आदि मौजूद रहे।



**सिरसा।** पौधारोपण करते लोग।

## कांग्रेस सरकार बनने पर होंगी पक्की भर्तियां : पुनिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव डॉ. विनीत पुनिया ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने पर भ्रष्टाचार का अड्डा बन चुके हरियाणा कौशल रोजगार निगम को खत्म कर खाली पड़े सरकारी पदों पर पक्की भर्ती की जाएगी। डॉ. पुनिया ने कहा कि प्रदेश में दो लाख सरकारी पद खाली पड़े हुए हैं, मगर सरकार इन पदों को भरने की बजाय कच्ची भर्तियां कर युवाओं का भविष्य तहस-नहस कर रही है। कौशल रोजगार निगम पक्की नौकरियों को खत्म करने का षड्यंत्र है। इस योजना में न ही मेरिट, न ही योग्यता, न कोई पेपर और न आरक्षण का प्रावधान है। इसमें पारदर्शिता ताक पर रख दी गई है। युवाओं को पक्की नौकरी देने की बजाय सरकार युवाओं को ठेकेदारी में धकेल रही है। इसकी वजह से दलित, पिछड़ों के साथ अन्याय हो रहा है। कम वेतन में कच्ची नौकरी करवाकर युवाओं का जमकर शोषण किया जा रहा है। विनीत पुनिया ने कहा कि भाजपा सरकार भर्ती घोटालों और पेपर लीक का रिकॉर्ड बना चुकी हैं।

## ठंडा-मीठा पानी पिलाकर राहगीरों की बुझाई प्यास

**सिरसा।** तृप्ता वेल्फेयर सोसायटी की ओर से कबीर चौक के पास स्थित माया देवी मंदिर-बारह मासी लंगर के बाहर गर्मी के मौसम को देखते हुए राहगिरों के लिए ठंडे-मीठे पानी की छबील लगाई गई। सोसायटी की अध्यक्ष तृप्ता चिटकारा ने बताया कि छबील का शुभारंभ मंदिर के पुजारी राजेंद्र चतुर्वेदी ने अपने हाथों से राहगिरों को पानी पिलाकर किया। तृप्ता चिटकारा ने कहा कि संस्था की ओर से गर्मियों में नियमित रूप से ठंडे और मीठे पानी की छबील लगाई जाती है। चिटकारा ने कहा कि गर्मी में आदमी तो अपने प्यास बुझा लेता है, लेकिन लोगों को अपने घरों और आसपास पशु और पक्षियों के लिए भी पीने के पानी का इंतजाम करना चाहिए। यह भी सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। गर्मियों में प्यासे व्यक्ति को पीने के लिए पानी मिल जाए तो वह उसके लिए संजीवनी से कम नहीं है। सनातन धर्म में जल की सेवा को गौसेवा के समान माना गया है। उन्होंने आमजन से भी आह्वान किया कि वे गर्मियों के मौसम में इस प्रकार के आयोजन करें, ताकि कोई भी व्यक्ति प्यासा न रहे।

## ट्रॉली से उछलकर सड़क पर गिरने से युवक की मौत

**ओढ़ा।** नई अनाज मंडी ओढ़ा के पास अचानक ट्रेक्टर ट्राली से उछलकर एक युवक सड़क पर गिर गया। इस दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। ओढां पुलिस ने मृतक के परिजनों के ब्यान पर इत्तेफाकिया घटना की कार्यवाही दर्ज की है। थाना प्रभारी अनिल सोढ़ी ने बताया कि गांव खुईयां नेपालपुर निवासी 29 वर्षीय सौरभ दिहाड़ी मजदूरी करता था। गत दिवस युवक तूड़े से भरी ट्रैक्टर ट्राली खाली कर गांव के ही एक अन्य व्यक्ति के साथ आ रहा था कि रास्ते में हाईवे पर अनाज मंडी के निकट ट्राली में बैठा सौरभ अचानक ट्राली से उछलकर नीचे सड़क पर गिर गया। इस दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुए सौरभ को सिरसा के बाद अग्रोहा रैफर कर दिया और वहां पर उसकी मौत हो गई। एएसआई मदन लाल ने मृतक के चाचा रामधन के बयान पर इत्तेफाकिया घटना की कार्यवाई दर्ज करके शव का आज सिरसा के नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया।

### जनवरी से 30 जून तक 64 आरोपियों से अवैध असला किया बरामद

## सोशल मीडिया पर हथियारों का प्रदर्शन पड़ेगा भारी : एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

पुलिस अधीक्षक आस्था मोदी ने जिलावासियों को आगाह करते कहा कि जहां अवैध असला रखना कानूनन अपराध है वहीं रुतबा दिखाने के लिए लाइसेंसशुदा हथियारों के साथ सोशल साईट्स फेसबुक, व्हाट्सएप और ट्विटर पर फोटो टैग करना भी भारी पड़ सकता है । पुलिस ऐसे व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार करेगी और इसके साथ ही उसके शस्त्र लाइसेंस को रद्द करवाने की कार्रवाई भी शुरू होगी। एसपी ने बताया कि सार्वजनिक तौर पर हथियारों का प्रदर्शन करना प्रतिबंधित है। शिकायत होने पर हथियार के साथ फोटो अपलोड करने वालों को तीन साल तक जेल की सलाखों के पीछे रहना पड़ सकता है और भारी भरकम जुर्माना भी अदा करना पड सकता है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि हथियार भले ही लाइसेंसी हो लेकिन उसका सार्वजनिक प्रदर्शन पूरी तरह से गैर कानूनी है। ऐसा करना असलाह लाइसेंस जारी करने के लिए तय शतारें के उल्लंघन एवं असले के दुरुपयोग की परिधि में आता है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सोशल मीडिया पूरी तरह से सार्वजनिक मंच है। लिहाजा वहां हथियारों के साथ फोटो पोस्ट करना सार्वजनिक प्रदर्शन के दायरे में आता है। ऐसा करने वाले के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करने का प्रावधान है।



**फतेहाबाद।** एसपी आस्था मोदी।

### 6 माह में 40 मामले दर्ज किए गए

एसपी ने बताया कि जिला पुलिस ने 1 जनवरी 2024 से 30 जून तक पुलिस ने 40 मामले दर्ज कर उनमे शामिल 64 आरोपियों को सलाखों के पीछे भेजा है। इन आरोपियों से भारी मात्रा में अवैध असलाह बरामद किया गया है। पकडे गये आरोपियों से 43 पिस्तोल, एक रिवाल्वर, एक चाकू, 3 मेगजीन व 59 जिन्दा कारतूस बरामद किए हैं। एसपी आस्था मोदी ने कहा कि अवैध हथियारों के साथ अपराधी गंभीर अपराधों को अंजाम देते हैं। ऐसे अपराधियों के खिलाफ जिला पुलिस ने कड़े कदम उठाये हैं जो अवैध हथियार रखते हैं या हथियारों के साथ अपराध करतें हैं, इसलिए ऐसे अपराधियों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है तथा समय-समय पर स्पेशल अभियान चलाकर अवैध हथियार रखने वालो पर शिकंजा कसा जाता है। इस संबध मे सभी थाना प्रभारियों को सख्त आदेश जारी किये हुए हैं कि अवैध असला रखने वालो पर कड़ी निगरानी रखी जाये और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करके सलाखों के पीछे भेजा जाए।

*डर रखने से हम अपनी ज़िंदगी को बढ़ा तो नहीं सकते. डर रखने से बस इतना होता है कि हम ईश्वर को भूल जाते हैं, इंसानियत को भूल जाते हैं.ऐसे देश को छोड़ देना चाहिए जहाँ धन तो है लेकिन सम्मान नहीं|*

**- विनोबा भावे**



*गतांक से आगे*

***भगवान की मूर्ति के सामने हाथ जोड़े वैभव अपने मन की पीड़ा को मौन हो व्यक्त कर रहा था। शरीर में थकान उसे भी महसूस हो रही थी लेकिन वह खुद पर नियंत्रण रखे थे। रात भी जाने कितनी लम्बी थी जो सरक ही नहीं रही थी। वह कृति के कमरे के बाहर दरवाजे पर टेक लगातार जमीन पर बैठ जाता है। नींद उसे अपने आगोश में ले दुनिया के झंझटों से दूर ले जाती है।***



कहानी | दिव्या शर्मा

# शक का संक्रमण



कृति ने चाय को गले से उतारा और स्टीम लेने लगी। वैभव वहीं खड़ा था।

'तुम जाओ...बीमार हो जाओगे...जाओ प्लीज।'कृति ने जोर देकर कहा।

'मैं ठीक हूँ। सुबह कोरोना का टेस्ट होगा हमारा। तुम रिलेक्स रहना कृति।' वैभव उसे समझाते हुए बोला। कृति ने हाँ में सिर हिलाया। थोड़ी देर में वह फिर से सो गई। कोरोना के लक्षण अभी इतने नहीं दिखाई दे रहे थे, लेकिन वैभव डर गया। कृति के मायके फोन कर खबर देने के बाद वैभव ने सारे घर को सेनिटाइज किया। चाय का कप लेकर कृति के कमरे के बाहर ही बैठ गया। कृति बीच बीच में खाँस रही थी और बेचैनी से अपने सीने को रगड़ रही थी। अस्पताल ले जाना खतरनाक था, क्योंकि अस्पताल से आती मौत की खबरों ने दहशत मचा रखी थी। वैभव की आँखों में नींद नहीं थी। वह एकटक कृति को देख रहा था। कृति बार बार अपनी गर्दन पर हाथ फेर रही थी। बाहर फैला काला स्याह सन्नाटा कोरोना के साथ मिलकर सबके दिलों से खेल रहा था जैसे 'पा...पानी' कृति के होंठ बुदबुदाए।

वैभव भागकर फ्लास्क में से गुनगुना पानी निकाल कर कृति के होंठों से लगा देता है। लिटाकर टेम्प्रेचर लेता है। बुखार कुछ कम हुआ था, लेकिन अब भी एक सौ दो पर अटका था।

भगवान की मूर्ति के सामने हाथ जोड़े वैभव अपने मन की पीड़ा को मौन हो व्यक्त कर रहा था। शरीर में थकान उसे भी महसूस हो रही थी लेकिन वह खुद पर नियंत्रण रखे थे।

रात भी जाने कितनी लम्बी थी जो सरक ही नहीं रही थी। वह कृति के कमरे के बाहर दरवाजे पर टेक लगातार जमीन पर बैठ जाता है। धीरे धीरे नींद उसे अपने आगोश में ले दुनिया के झंझटों से दूर ले जाती है। रात अब भी जाग रही थी। स्याह काले सन्नाटे के साथ बीच बीच में पुलिस की गाड़ी की आवाज़ सुन यह सन्नाटा कहीं दुबक जाता, लेकिन गाड़ी के गुजरते ही बेशर्मी से ठठाकर हँस पड़ता। शहर के घरों में कैद जिन्दगियां एक दूसरे से दूरी बनाएं एक दूसरे की सलामती की दुआएँ कर रही थी।

कोरोना ने लोगों के पैरों को तोड़ दिया था जैसे वह अपने पैरों की रफ्तार थाम चुके थे, लेकिन दिमाग में चलते विचार भविष्य के अंधकार को दिखा रहे थे। सूरज अपने समय पर उगा। खिड़की से आती सूरज की रोशनी कृति के चेहरे पर पड़ने लगी। वह नींद से जाग जाती है। शरीर में टूटन थी। सहारा ले बिस्तर से उठती है और बाथरूम में घुस जाती है। वैभव दरवाजे के पास ही जमीन पर बेखबर सो रहा था। बाथरूम से बाहर आकर कृति की नजर जमीन पर लेटे वैभव पर पड़ती है। वह कसमसा कर रह जाती है। अपने शरीर में दो कदम चलने की हिम्मत भी कृति से नहीं हो रही थी। साँस लेने में उसे तकलीफ होने लगी। वह वैभव को बुलाना चाहती थी, लेकिन खाँसी के तेज उफान से यह नहीं हो सकता था। उसके खाँसने की आवाज़ से वैभव की नींद टूट जाती है वह हड़बड़ा कर उठता है और देखता है कि कृति बिस्तर पर सिकुड़ कर लेटी हुई है। वह अपने मुँह पर मॉस्क ठीक करता है और उसके पास जाकर उसे सीधा करता है। कृति गले में रुकावट का इशारा करती है। वैभव गुनगुना पानी उसके गले में उतार देता है। कृति को राहत महसूस होती है।

वैभव की घबराहट कृति के लिए बढ़ती जा रही थी। वह लगातार व्हाट्सएप पर ऑक्सीजन सिलेंडर के इंतजाम के लिए मैसेज कर रहा था। ऑक्सीमीटर ऑर्डर कर वैभव कोरोना हेल्पलाइन सेंटर में कॉल कर कृति की स्थिति बताता है। वहाँ से वैभव को कुछ निर्देश मिलते हैं। कोरोना टेस्ट के लिए पीपीई किट पहने दो लोग आए और उनका सैंपल ले गए। मौत का भय कैसे मस्तिष्क को शून्य कर देता है यह वैभव और कृति महसूस कर रहे थे। बिस्तर पर पड़ी कृति वैभव की उसके लिए चिंता साफ महसूस कर रही थी। प्यार जो स्याही सोखते की तरह कहीं सारी भावनाओं को सोख रहा था एक बार फिर वापस तरल होने लगा। घर के काम और कृति की देखभाल में वैभव भूल गया था कि कृति उसके साथ बस कुछ दिनों के लिए है। ऑक्सीमीटर से रोज ऑक्सीजन नापने से लेकर कृति को नहलाने तक का काम वैभव कर रहा था और कृति उसके प्रेम को धीरे धीरे पी रही थी। मन में अजीब सी ग्लानि महसूस कर कृति अक्सर रो देती लेकिन वैभव के सामने सामान्य बनी रहती। कृति तकलीफ में थी। मन से भी और शरीर से भी, लेकिन उसके अपनों ने उससे दूरी ही रखी। शायद भय था कि कहीं कृति उनसे कोई मदद न माँग ले। वैभव कोरोना को लेकर ऑनलाइन सर्च करता रहता। कृति के इलाज के साथ सावधानी और उसकी डाइट पर वैभव कोई लापरवाही नहीं करना चाहता था। दिन बीत रहे थे और कृति तेजी से रिकवर कर रही थी, लेकिन कमजोरी इतनी थी कि वह खुद के काम करने में भी सक्षम महसूस नहीं कर रही थी। बॉलकनी में कुर्सी पर बैठी कृति शहर के सन्नाटे को महसूस कर रही थी। आस पास के फ्लैट्स की बॉलकनी के दरवाजे कस कर बंद पड़े थे। शायद सबको उसका कोरोना पॉजिटिव होना पता चल गया था। इंसानों के बीच आई यह दूरी कितनी पीड़ादायक थी। वह अपने ख्यालों में खोई थी कि रसोई से आती तेज आवाज़ से उसका ध्यान भंग हुआ। वह दीवार का सहारा लेकर कमरे से बाहर निकली। रसोई में वैभव अपना हाथ झटक रहा था। फर्श पर दूध का बरतन पड़ा था जिसमे से भाप उठ रही थी। माजरा समझते उसे देर न लगी वह बेचैनी से चिल्लाई, 'वैभव ठंडा पानी डालो हाथ पर. जल्दी करो वैभव!' 'ठीक है...लेकिन तुम जाओ आराम करो परेशान न हो।' वैभव ने फ्रीज खोलते हुए कहा। 'अभी भी मेरी चिंता कर लो! ठीक हूँ मैं. अपना हाथ दिखाओ।' वह चिल्लाई। वैभव का हाथ लाल हो गया था। 'क्या किया तुमने ये! हाथ से बरतन उठा रहे थे क्या? बरतन गरम है यह तो देख लेते!' कृति गुस्से से बोली। 'मेरी चिंता मत करो.वैसे भी अकेले ही रहना है मुझे।' अपनी हथेली को कृति की हथेलियों से.छुड़ाकर वह बोला। 'तो तुम क्यों चिंता कर रहे थे मेरी! रातदिन मेरे लिए दौड़ रहे हो। मेरे लिए अपनी नींद खो रहे हो। मरने देते मुझे।' कृति की आवाज़ में दर्द था। 'प्यार करता हूँ तुमसे। तुम्हारे लिए तो जान भी दे सकता हूँ!' वैभव न कहा।

'तो क्यों नहीं मुझे रोक लेते!' सुबकते हुए कृति बोली। 'मैंने तो कभी तुमसे दूर होने की कल्पना नहीं की .तुम ही मुझसे नफरत करती हो!' वैभव रसोई के फर्श पर बैठ गया। 'नफरत! तुम...तुम...वो मेघना...मैंने तुम्हें उसके साथ..तुमने मुझे धोखा क्यों दिया वैभव?' तड़प उठी कृति। 'मैं तुम्हें धोखा देने की कल्पना भी नहीं कर सकता। उस रात मेघना को अस्थमा का अटैक आया था। मैं सिर्फ उसे गोद में उठाकर पार्किंग में कार में बिठा रहा था, लेकिन तुमने सिर्फ यही देख मुझ पर शक किया। मेघना को भी अपराधी बना दिया जबकि उस समय खतरे में थी!' वैभव एक साँस में बोल गया।

> *'नफरत! तुम...तुम...वो मेघना...मैंने तुम्हें उसके साथ..तुमने मुझे धोखा क्यों दिया वैभव?' तड़प उठी कृति। 'मैं तुम्हें धोखा देने की कल्पना भी नहीं कर सकता। उस रात मेघना को अस्थमा का अटैक आया था। मैं सिर्फ उसे गोद में उठाकर पार्किंग में कार में बिठा रहा था, लेकिन तुमने यही देख मुझ पर शक किया। मेघना को भी अपराधी बना दिया जबकि उस समय खतरे में थी!' वैभव एक साँस में बोल गया।*

कृति खामोश हो नीचे बैठ गई। उसकी आँखों से बहता पानी अपनी गलती का एहसास करा रहा था। वैभव उसके गालों पर आँसू देख परेशान हो गया। 'तुम रो क्यों रही हो कृति! देखो अभी तुम्हारी तबीयत पूरी तरह ठीक नहीं। साँस लेने में दिक्कत हो जायेगी।' वैभव बोला। 'कुछ नहीं होगा मुझे। इस कॉरोना संक्रमण ने मेरे शक के संक्रमण को मार दिया है वैभव। मुझे माफ कर दो मुझसे बहुत बड़ी गलती हो गई। तुम्हें किसी और के करीब देख मेरी चेतना शून्य हो गई थी। मैं ईर्ष्या में गलती कर गई। तुम्हारा अपमान किया तुम पर आरोप लगाए.मुझे माफ कर दो वैभव।' कृति हाथ जोड़कर बिलखने लगी।

'तुम्हारी आँखों में अपने लिए नफरत देख मैं कितना तड़पा हूँ तुम नहीं समझ सकती। अब ऐसे रोकर मुझे और तड़पा रही हो। कैसे सोच लिया था तुमने कि तुम्हारे बिना मैं जिन्दा रह पाता. मर जाता मैं मर जाता।' इतना कहकर वैभव ने कृति को बाँहों में भींच लिया। दोनों के आँखों से बहता पानी प्रेम के सागर को और गहरा करने लगे.अगली तारीख पर अपना फैसला सुनाने के लिए कृति ने वैभव के सीने से लिपट गई। ***(समाप्त)***

रागनी | महेन्द्र सिंह बिलोटिया



झूँठ कपट छल बेईमाने तै हर मानस लाचार मिलै
किस किस तै बच पावोगे सबके हाथ कटार मिलै

राजनीति में झूठे नेता बैठे हैं दरबारों म्हैं
प्रजा हित प्रस्ताव गल जाते अखबारों म्हैं
नकली चीज़ बजारों मै,असली पर तकरार मिलै
किस किस तै बच पावोगे सबके हाथ कटार मिलै

मन्दिर अन्दर भगवान बणगे देख पुजारी
ईष्ट देव से ज्यादा देखों चेली लाग प्यारी
सत्संग के म्हा रहीं नाच कुंवारी सब तरह सिंगार मिलै
किस किस तै बच पावोगे सबके हाथ कटार मिलै

कपटी तो सरपंच बेईमान सब पचं बणे
चन्दा करकै खा जाते कई तरह के मचं बणे
ये डिनर कहीं लंच बणे ना खाणे लायक आहार मिलै
किस किस तै बच पावोगे सबके हाथ कटार मिलै

कुत्ते केसा सुभा आदमी काटण खातर दौड़
सास ससुर देवर जेठ का आज बहु सिर फौड
महेन्द्र सिंह रागनी जोड बिलोट भण्डार मिलै
किस किस तै बच पावोगे सबके हाथ कटार मिलै

कविता | मनीषा मंजरी



## वियोग

ये कालिमा कैसी है, जिसमें तारे भी विलीन हो गए हैं,
अँधेरा है ये अंतरिक्ष का या दीये मन के बुझ गए हैं।
इंद्रधनुष है ये कैसा, रंग जिसके मिट गए हैं,
रंगहीनता है ये आकाश की, या रौशनी आँखों से छीन गए हैं।
अम्बर है ये कैसा, विस्तृतता पर जिसके पहरे लग गए हैं,
संक्षिप्तता है ये नीलाम्बर की, या सपने खुद में सिमट गए हैं।
गहराई है ये कैसी, जिसमे सागर उथल गए हैं,
छिछलापन है ये समंदर का या, दर्द पलकों से टपक गए हैं।
ये खामोशी कैसी है, जिसमें शोर सारे हीं थम गए हैं,
शून्यता है ये ब्रह्माण्ड की, या निःशब्दिता से होंठ सिल गए हैं।
ये मेले हैं कैसे, जिसमें एकाकी व्यक्तित्व भटक गए हैं,
अभाव है ये भीड़ का या, दलदल में तन्हाई के रूह धंस गए हैं।
ये खेल है कैसा, जिसमें पराजित से हो गए हैं,
बेवफाई है ये मोहरों की, ये भाव विजय के हमसे मुकर गए हैं।
ये भागमभाग है कैसी, जिसमें कदम ठहर गए हैं,
ठहराव है ये सफर का या, विरक्त शख्सियत से हम हो गए हैं।
ये विरह है कैसा, जिसमें चेहरे तक बादलों के हो गए हैं,
इंतज़ार है ये अनंत का या अनन्तता में यादों की हम बिखर गए हैं।

कहानी | रविंद्र बत्रा



## दस रुपये

सब्जी लेने जैसे ही रमन उस मार्केट में पहुंचा, देखा एक पहलवान टाइप लड़का एक सब्जी वाले की रेहड़ी को उल्टाने की कोशिश कर रहा था। सब्जीवाला भी उसे चुनौती देते हुए कह रहा था, उल्टा दो, सड़क के बीच में उल्टा दो। रेहड़ी पर आलू, प्याज और टमाटर थे। जाहिर है रेहड़ी के उलटने से काफी नुकसान होना था। दोनों का अहम अपनी चरम सीमा पर था। पहलवान लगभग रेहड़ी को उल्टाने ही वाला था। रमन आमतौर पर दब्बू किस्म का आदमी था बस अपने काम से काम रखना। जहां बच सके, दो पैसे बचाना। कभी-कभी वह एक कप चाय भी इसलिए नहीं पीता था, कि दस रुपये बच जाएंगे और बच्चों के काम आएंगे, पर पता नहीं क्या सोचकर रमन एक क्षण के लिए वहां खड़ा हो गया। अपने कमजोर शरीर और पहलवान की कद-काठी से डरते-डरते भी, उसका हाथ पकड़ लिया और बोला, 'मुझे तुमसे बात करनी है।' पहलवान थोड़ी अकड़ दिखाते हुए बोला, 'यही बताओ, जो बताना है।' रमन उसके कान के पास जाकर धीरे से बोला, 'क्यों किसी गरीब आदमी की आह लेते हो। क्या बात हो गई। इसमें कोई गलती की है तो मैं इसकी तरफ से माफी मांगता हूं।' पहलवान बोला, 'मुझसे बदतमीजी से बात कर रहा था। एक तो मेरी दुकान के आगे रेहड़ी लगाई हुई है, ऊपर से दस रुपये कम करने के लिए कहा तो बकवास भी कर रहा है।' रमन बोला, 'मैं इसकी तरफ से माफी मांगता हूं, कोई बात नहीं। गरीब आदमी है। उसकी बद्दुआ मत लो।' पहलवान के कान में बात करते हुए रमन ने महसूस कर लिया, उसने शराब भी पी रखी है। एक पहलवान ऊपर से शराब का उन्माद। उलझने में पिटने का खतरा भी हो सकता था। रमन ने सब्जी वाले से कहा, 'भैया ऐसा करो इसकी दुकान के आगे से रेहड़ी हटा लो। मैं कहीं और लगवा देता हूं।' रमन उसकी सब्जी की रेहड़ी को पीछे कर रहा था, तभी पहलवान ने इशारे से रमन को अपने पास बुलाया। रमन के सारे शरीर में किसी अनहोनी की आशंका से सिरहन दौड़ गई। रमन जैसे ही उसके पास पहुंचा वह पहलवान उसकी तरफ थोड़ा झुकते हुए बोला, 'मेरा सामान उसके पास तुला पड़ा हैं। यह लो सौ रुपये वह अस्सी मांग रहा है, मैं साठ कह रहा हूं। जितने ले दे देना।' रमन ने रेहड़ी वाले से पूछा, 'कितने का सामान है बोला अस्सी का है, सत्तर दे दो।' रमन बोला, 'वह साठ कह रहा है, आप साठ ही काट लो। पागल सा लग रहा है, शराब भी पी रखी है। अगर आपको घाटा हो रहा है तो दस रुपये मुझसे ले लेना।' रेहड़ी वाले ने साठ रुपये काटकर बाकी पैसे रमन को लौटा दिए। रमन ने सब्जी की थैलियां और पैसे लिए और पहलवान को पकड़ा दिए। अचानक वह पहलवान रमन के पैरों की तरफ झुक गया और पैर छूते हुए बोला 'सॉरी'। अचानक हुई इस घटना से अचंभित रमन की आंखें भीग गई। इधर इस दौरान इस सब्जी वाले की रेहड़ी की जगह पर किसी अन्य रेहडी वाले ने अपनी रेहड़ी लगा ली। रमन ने उससे अनुरोध किया, 'भैया आप रेहड़ी को थोड़ी परे कर लो, इसको यहां लगाने दो। इसकी रेहड़ी यही लगी हुई थी। झगड़ा हो रहा था तो मैंने इसे पीछे करवाया था।' हालांकि वहां दोनों रेहड़ियों की जगह बन सकती थी, लेकिन अब आया रेहड़ी वाला, अपनी रेहड़ी को साइड में करने को तैयार नहीं था। तभी थोड़ी दूर खड़ा हुआ पहलवान आया और इस नए रेहड़ी वाले को बोला, 'अबे! उसको रेहड़ी लगाने दे यहां। मैंने हटवाई थी। यह मेरी दुकान के आगे की जगह है। यह कहते-कहते उसने खुद ही अपने हाथों से उसकी रेहड़ी को वहां जगह बनाकर लगा दिया। पहलवान के जाने के बाद रमन ने सब्जी वाले से कहा, 'मुझे एक किलो आलू दे दो और सुनो अगर तुम्हें घाटा हुआ है तो मेरे पैसो में से दस रुपये काट लो।' सब्जी वाले ने आलू दिए और रमन के पैसों में से दस रुपये ज्यादा काट लिए। जब रमन घर की तरफ जा रहा था उसके मन में अजीब सा द्वंद था। एक पहलवान था, जो अपनी गलती मान कर उसके पैर छूकर गया था। एक सब्जी वाला था, जिसकी रेहड़ी पलटने से रमन ने बचाया था और जिसने एक बार भी यह नहीं कहा की यह दस रुपये रहने दो, जो आप अपनी जेब से दे रहे हो। कौन सही था, कौन गलत फैसला करना बहुत मुश्किल था।

**साहित्य की महत्ता को नकारा नहीं जा सकता, क्योंकि साहित्य पथ-प्रदर्शक भी है। आज साहित्यिक पुस्तकें कम पढ़ी जाती हैं। इंटनेट और सोशल मीडिया के युग में अपनी पसंद से पाठक ऑनलाइन साहित्य पढ़ते हैं, जो सामाजिक दृष्टि से सकरात्मक पहलू है।**

साक्षात्कार | ओ.पी. पाल

# सामाजिक संस्कारों में साहित्य की अहम भूमिका: राजश्री

साहित्यकार अपनी विभिन्न विधाओं से समाज को नई दिशा देते आ रहे हैं। गद्य व पद्य दोनों ही शैलियों में साहित्य सृजन करने वाले साहित्यकारों में हर किसी लेखक का ध्येय यही है कि उनकी रचनाएं समाजिक बुराइयों को उजागर करके समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करें। सामाजिक रीति रिवाज और संस्कृति के साथ संस्कारों को संजोने वाले ऐसे साहित्यकार और लेखकों में हरियाणा की महिला रचनाकार भी पीछे नहीं हैं। ऐसी ही महिला साहित्यकार राजश्री गौड़ भी सामाजिक सरोकारों से जुड़े मुद्दों पर अपने रचना संसार को आगे बढ़ाने में जुटी हैं। रचनाकार और कवयित्री राजश्री गौड़ ने अपने साहित्यिक सफर को लेकर हरिभूमि संवाददाता से हुई बातचीत के दौरान कई ऐसे पहलुओं का जिक्र किया है, जिससे साहित्य के बिना सामाजिक संरचना अधूरी है।

राजश्री का जन्म पलवल जिले की तहसील हथीन में 24 नवम्बर, 1956 को एक शिक्षित और समृद्ध परिवार पं. चिन्तामणि पाराशर व जय देवी के घर में हुआ। उनके बाल्यकाल के दौरान ही उनका संयुक्त परिवार सोनीपत में आकर बस गया, इसलिए उनकी पूरी शिक्षा दीक्षा सोनीपत में ही हुई। उनके पिता कुश्ती, कबड्डी व वालीबॉल के खिलाड़ी थे, लेकिन दादा के देहावसान के कारण उन्हें पैतृक काम ज्वैलरी और जवाहरात का बिजनेस संभालना पड़ा। राजश्री की प्रारंभिक शिक्षा आर्या गर्ल्स स्कूल में हुई और उन्होंने हिन्दू गर्ल्स कॉलेज, सोनीपत से बी.ए. और बीएड किया। इसके बाद एम.ए. (हिन्दी) में दाखिला लिया, लेकिन किन्हीं कारणों से पूरी नहीं हो सकी। अपने शिक्षित परिवार में उन्होंने दादी को गीता और रामायण तथा माँ को भजन गुनगुनाते घर के काम करते देखा, तो वहीं उनके पिता का साहित्य से बहुत लगाव था, जो हमेशा सोने से पहले शरतचंद्र, बिमल मित्र व मुंशी प्रेमचंद के उपन्यास पढ़ते थे। वहीं घर में पत्र पत्रिकाएं भी आती थी, जिनमें से पिताजी उन्हें कविताओं को कंठस्थ कराते थे और शनिवार को स्कूल में होने वाली बालसभाओं में वह कविताएं सुनाती थी। ऐसे में साहित्य के प्रति रुचि स्वाभाविक ही था। मसलन बचपन में ही उन्होंने रचनाओं के रूप में लेखन कार्य शुरू कर दिया था। हालांकि वास्तविक रूप से उनका लेखन कार्य कालेज की शिक्षा के दौरान साल 1972 से शुरू हुआ और कालेज की मैगज़ीन में उनकी कविता छपी, जबकि भोपाल से प्रकाशित एक अखबार में 20 जनवरी 1984 को गणतंत्र दिवस परिशिष्ट में उनकी कविता छपी तो उनका आत्मविश्वास बढ़ना स्वाभाविक था, लेकिन नवंबर 1978 में विवाह के बाद परिवार की जिम्मेदारी सर्वोपरि रही और लेखन नगण्य सा हो गया। बाद में पति व बच्चों के प्रोत्साहित करने पर फिर लेखन कार्य ही शुरु नहीं किया, बल्कि कुछ सामाजिक संस्थाओं से भी जुड़ गई।

राजश्री गौड़ का आधुनिक युग में हिन्दी साहित्य के महत्त्व और उपयोगिता को लेकर कहना है कि आरंभ में जहां पद्यात्मक शैली में साहित्य की रचनाएँ की गई, जिसके बाद बदलते समय-काल के अनुसार काव्य, गद्य में कहानी, एकांकी, लेख, उपन्यास लघुकथा और राष्ट्रवादी रचनाओं में राजनीतिक प्रभाव नजर आने लगा है। इसके बावजूद आज भी स्वस्थ साहित्य का विशेष स्थान है और रहेगा। इसका कारण है कि साहित्य की महत्ता को नकारा नहीं जा सकता, क्योंकि साहित्य समाज का दर्पण और पथ-प्रदर्शक भी है। बेशक आज साहित्यिक पुस्तकें कम पढ़ी जाती हैं, लेकिन पाठक कम नहीं हैं। इस इंटनेट और सोशल मीडिया के युग में अपनी पसंद से पाठक ऑनलाइन साहित्य पढ़ते हैं, जो सामाजिक दृष्टि से सकरात्मक पहलु है। यह भी सच है कि सोशल साइट्स पर साहित्य के अलावा देश दुनिया की बहुत सारी चीजें, मिल जाती हैं। इस आधुनिकीकरण की दौड़ में संस्कृति और संस्कारों में कमी होती नजर आ रही है। इसलिए आज की युवा पीढ़ी को साहित्य के प्रति स्कूल व कालेज स्तर पर भी प्रेरित करने की ज्यादा जरूरत है।

### प्रकाशित पुस्तकें

महिला साहित्यकार राजश्री गौड़ की प्रकाशित 15 पुस्तकों में 12 साझा संग्रह और 3 एकल काव्य-संग्रह शामिल हैं। उनके काव्य संग्रह में 'धनक', ग़ज़ल-संग्रह 'तुमको भुलाया कहाँ है' और 'मत कहो जिन्दगी थमी है' शामिल है। हरियाणा साहित्य अकादमी द्वारा प्रकाशन हेतू पांडुलिपि तैयार है। इसके अलावा उन्होंने कोरोना काल में ई काव्य संकलन भी लिखा, वहीं ई-लघुकथा संकलन में हरियाणा के प्रमुख लघुकथा कार भी शामिल है। इसके अलावा उनकी पुस्तकों की लेखन विधा में कविता, ग़ज़ल, लेख, व्यंग्य लेख, लघुकथा, कहानी, बाल कविताएं भी शामिल हैं। कविता-कोश, साहित्य-पीडिया, क़ाग़ज-दिल.कॉम पर भी उनकी रचनाएं उपलब्ध हैं।



राजश्री गौड़


### पुरस्कार व सम्मान

राजश्री गौड़ को हिन्दी प्रचार प्रसार साहित्य अकादमी, भोपाल द्वारा तीन बार सम्मानित किया जा चुका है। प्रमुख रूप से उन्हें नारी गौरव सम्मान, श्रेष्ठ हिन्दी रचनाकार सम्मान, प्रेम-काव्य सम्मान, भारत के प्रतिभाशाली रचनाकार सम्मान, साहित्य-शिरोमणि सम्मान, सिद्धि साहित्य सम्मान, जैमिनी अकादमी सम्मान, भारत गौरव सम्मान के अलावा अंतरराष्ट्रीय ब्राह्मण मंच, जिया साहित्य मंच बैंगलोर, हिन्दी प्रचार प्रसार साहित्य अकादमी भोपाल, कागज-दिल साहित्य संस्था और जैमिनी साहित्य अकादमी पानीपत आदि साहित्यिक मंचों से पुरस्कार के साथ सम्मानित किया जा चुका है।

### व्यक्तिगत परिचय

**नाम:** राजश्री गौड़
**जन्मतिथि:** 24 नवम्बर, 1956
**जन्म स्थान:** हथीन, जिला पलवल(हरियाणा)
**शिक्षा:** बीए, बीएड (हिंदू गर्ल्स कॉलेज सोनीपत)
**सम्प्रति:** समाज सेवा, स्वतंत्र लेखन
**संपर्क:** सेक्टर-15, सोनीपत हरियाणा।

# साहित्य एवं साहित्यकारों से रूबरू कराती पुस्तक






**पुस्तक : सामान्य ज्ञान (हरियाणा का साहित्य)**
**लेखक: रोहित यादव**
**मूल्य : 300 रुपये**
**प्रकाशक : अनिल प्रकाशन**

पुस्तक समीक्षा | शशि कांत चौहान

जिस तरह से अध्यापक बच्चों को पढ़ाकर शिक्षा की लौ जगाता है और देश का भविष्य गढ़ता है, उसी तरह से साहित्यकार भी अपना दायित्व निभाता है। साहित्यकार अपनी रचनाओं से समान को नई दिशा देता है। साहित्यकार अपनी रचनाओं से नई सोच का भी सृजन करता करता है।

समाज के प्रति अपनी यह जिम्मेदारी रोहित यादव ने बखूबी निभाई है। यूं तो उन्हें साहित्य की हर विधा में महारत हासिल है। रोहित यादव की हिन्दी साहित्य की विभिन्न विधाओं में अब तक पाँच दर्जन पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैंदोहा, कुंडली, कविता, कहानी और लघुकथा समेत हर विधा में अपनी लेखनी से साहित्य को समृद्ध किया है, लेकिन यह पुस्तक अपने आप में नया प्रयोग है।

रोहित यादव की पुस्तक सामान्य ज्ञान (हरियाणा साहित्य) प्रदेश के साहित्य और साहित्यकारों से रूबरू करवाती है। यह वास्तव में अनुपम कृति है। पुस्तक को प्रश्नोत्तर की शैली में तैयार किया गया है। इसमें लगभग साढ़े 800 प्रश्नों के उत्तर दिए गए हैं। साहित्य में रुचि रखने वाले लोगों के लिए उनकी हर जिज्ञासा को शांत करती नजर आती है यह पुस्तक।

रोहित यादव का प्रशोत्तर के रूप में पुस्तक को प्रकाशित करने का विचार भी अलग है। इतना ही नहीं लोक साहित्य और साहित्यकारों का उल्लेख ही नहीं किया है बल्कि उनकी कृतियों से भी परिचित करवाया है जो पुस्तक को और विशेष बनाता है। जैसा कि स्वयं लेखक ने भी अपनी पुस्तक में उल्लेख किया है। हरियाणवी प्रादेशिक साहित्य एवं साहित्यकारों का राष्ट्रीय स्तर पर प्रचार-प्रसार करना, वर्तमान युवा पीढ़ी को इस स्पृहणीय स्थिति से अवगत कराना, शोध एवं समीक्षा के क्षेत्र हेतु आधार सामग्री उपलब्ध कराना, प्रतियोगी परीक्षार्थ रोचक, दुर्लभ व मौलिक साहित्यिक जानकारी प्रदान करना उपन्यस्त संकलन का ध्येय है।

यह कृति केवल युवा विद्यार्थियों और शोधार्थी छात्रों के लिए ही नहीं वरन कुछ साहित्यकारों के लिए भी उपयोगी साबित होगी जो कुछ तथ्यों को कदाचित भूल गए होंगे। उन्हें लेखक ने पुस्तक में प्रकाशित करके फिर से उनकी स्मृति पटल पर ला दिया है।

पुस्तक की भाषा शैली चिर परिचित अंदाज में सहज एवं सरल है। महत्वपूर्ण सामग्री के चलते पुस्तक संग्रहणीय बन पड़ी है।

## खबर संक्षेप

### केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह 7 को हांसी में

**हांसी।** केंद्रीय सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन तथा योजना मंत्री राव इंद्रजीत सिंह का लगातार छठी बार सांसद व केंद्रीय मंत्री बनने पर यादव सभा हांसी व यादव समाज द्वारा 7 जुलाई को सुबह 11 बजे हांसी में राष्ट्रीय राजमार्ग दिल्ली रोड़ पर स्थित माया पैलेस में नागरिक अभिनंदन व सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। समारोह में लोकसभा सांसद धर्मबीर सिंह, जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी मंत्री डॉ. बनवारी लाल, पूर्व मंत्री ओमप्रकाश यादव तथा विधायक विनोद भ्याणा समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे।

### ई-रिक्शा चालक से लूट का आरोपी गिरफ्तार

**नारनौंद।** क्षेत्र के गांव कोथ कलां में गत दिवस रात करीब 10 बजे एक ई रिक्शा चालक के मामले में पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार किए गए आरोपित की पहचान गांव कोथ कलां निवासी सोमबीर उर्फ सोमा के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपित के पास से लूटे गए पैसे, मोबाइल फोन व अन्य सामान बरामद कर लिया है।

### कैंप में बच्चों ने की फायरिंग की प्रैक्टिस

**जींद।** 15वीं हरियाणा बटालियन एनसीसी के द्वारा चलाए जा रहे वार्षिक प्रशिक्षण कैंप में सातवें दिन एनसीसी ट्रेनिंग के अलावा बच्चों को फायरिंग प्रैक्टिस करवाई गई। इस मौके पर फायरिंग के गुर भी कैडेट्स ने सीखे। एनसीसी अधिकारी मेजर जयभगवान दलाल ने राष्ट्र निर्माण में एनसीसी कैडेट्स की भूमिका के बारे में विस्तार से बताया।

### हेड टीचर मनीराम भुक्कल सेवानिवृत्त

**जींद।** गांव गतौली की राजकीय कन्या प्राथमिक पाठशाला के हैड टीचर मनी राम भुक्कल 35 वर्षो् की सेवा के बाद सेवानिवृत हो गए। हरियाणा अनुसूचित जाति राजकीय अध्यापक संघ ने उन्हें पगड़ी बांध कर और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। संघ के पूर्व उप प्रधान दलबीर अल्याहान ने कहा कि मनीराम भुक्कल बहुत ही मिलनसार, ईमानदार, मेहनती एवं निष्ठावान अध्यापक हैं।

### टीम की जीत पर झूमे लोग, की आतिशबाजी

**उचाना।** बारबाडोस में 20-20 वर्ल्ड कप क्रिकेट में दक्षिण अफ्रीका को हरा चैंपियन बनी टीम इंडिया की जीत पर क्रिकेट प्रतियोगिता आतिशबाजी कर खुशी जाहिर की। टीम इंडिया ने रोमांचकारी मैच 7 रनों से जीता। 2007 के बाद टीम इंडिया ने 20-20 वर्ल्ड कप जीता है। क्रिकेट प्रतियोगिता को टीम इंडिया के विजेता बनने का पूरा यकीन था।


### कांग्रेस उम्मीदवारों के चेहरे पर दिखी रौनक

**उचाना।** लोकसभा चुनाव की तरह विस चुनाव में भी कांग्रेस द्वारा सर्वे के आधार पर टिकट देने के फैसले के बाद उचाना हलके से टिकट मांगने वालों के चेहरों पर रौनक नजर आने लगी है। अभी विस चुनाव दूर है लेकिन गांव-गांव चुनाव लड़ने के इच्छुक उम्मीदवार जाने लगे है। भाजपा छोड़ कर कांग्रेस में आए पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह को हिसार लोकसभा से टिकट नहीं मिल पाई थी।

## एमपी कॉलेज में सेमिनार में पुलिस अधिकारियों को दी जानकारी

# आज से लागू हो जाएंगे तीन नए आपराधिक कानूनः एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डबवाली



सिरसा। एमपी कालेज में आयोजित सेमिनार में पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को नए कानूनों की जानकारी देती एसपी दीप्ति गर्ग।

पुलिस अधीक्षक दीप्ति गर्ग ने डा.भीम राव अम्बेडकर कॉलेज डबवाली के सभागार में एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन कर पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को तीनों नए कानूनों के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया। इस दौरान नए कानूनों के महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तार से चर्चा हुई। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि तीन नए कानून भारतीय न्याय सहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा सहिता 2023 व साक्ष्य अधिनियम 1 जुलाई 2024 से लागू हो रहे हैं। जो भारतीय दंड सहिता (आईपीसी), दंड प्रक्त्रिया संहिता (सीआरपीसी) व भारतीय साक्ष्य अधिनियम का स्थान लेंगे। पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों इनका गहनता से अध्ययन करें। एसपी ने बताया कि एफआईआर दर्ज करने के बाद पीड़ित को मुकदमे की प्रगति बारे एसएमएस या अन्य इलेक्ट्रोनिक्स माध्यमों द्वारा 90 दिनों के अंदर -अंदर जानकारी प्रदान की जाएगी। नए कानूनों के लागू होने पर ट्रायल कोर्ट को हर फैसला अधिक से अधिक तीन साल में देना होगा। महिला विरूद्ध अपराध से संबंधित मामलों में 60 दिन के अंदर अंदर जांच पूरी कर न्यायालय में चालान पेश करना होगा। दोषी द्वारा चालान की प्रति प्राप्त करने उपरांत 60 दिन के अंदर अंदर न्यायालय में चार्जशीट करना अनिवार्य होगा। नये कानून के अनुसार इलेक्ट्रोनिक्स माध्यम/वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से गवाही रिकार्ड की जा सकेगी। मुकदमें में बहस/दलीलें पूर्ण होनें उपरांत न्यायालय द्वारा 30 दिन में फैसला देना अनिवार्य होगा व जिससे अधिकतम 45 दिनों की अवधि तक बढ़ाया जा सकता है। अन्य संगीन मामलों में 90 दिन में जांच पूरी कर चालान पेश करना होगा।

### गंभीर अपराध की सूचना पर तुरंत कार्रवाई होगी

नए कानून लागू होने पर पुलिस संगीन मामलों में 60 दिन के अंदर अंदर दोबारा से रिमांड ले सकती है। संगठित अपराध जो बार बार अपराध करते है ऐसे मामलों में अब कठोर सजा फांसी, उम्रकैद के साथ साथ कम से कम 10 लाख रूपये जुर्माना होगा। जैसे फिरौती मांगना, साइबर अपराध, किडनैपिंग, जमीनों पर कब्जा करना इत्यादी। गरीब की जायदात पर जो कब्जा करते है उनपर भी इसमे समयबद्ध कारवाई का प्रावधान किया गया है। नए कानून में छोटे अपराध जिनमें 3 वर्ष से कम की सजा है, उनमें आरोपित यदि 60 वर्ष से अधिक आयु का है तो उसकी गिरफ्तारी के लिए उप पुलिस अधीक्षक या उससे वरिष्ठ अधिकारी की अनुमति लेना अनिवार्य। गंभीर अपराध की सूचना पर घटनास्थल पर बिना विचार करे शून्य एफआइआर दर्ज होगी। इस मौके पर उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय, श्री राजीव कुमार उप पुलिस अधीक्षक कालांवाली, श्री जयभगवान उप पुलिस अधीक्षक डबवाली तथा सभी थाना प्रबंधक, सभी प्रभारी चौंकी, प्रभारी सी आई ए कलांवाली, डबवाली, प्रभारी ए एन सी स्टाफ व काफी सख्या में अनुसंधानकर्ता व अन्य पुलिकर्मी मौजूद रहे।

# जीवन ऊर्जा का मार्ग संजीवनी ध्यान

- संजीवनी ध्यान का अर्थ होता है जीवन का समर्थन बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



हिसार। कौशिक नगर स्थित ध्यान केंद्र में ध्यान करते साधक। *फोटो: हरिभूमि*

ओशो सिद्धार्थ फाउंडेशन के तत्वाधान में ओशोधारा मैत्री संघ ने कौशिक नगर स्थित साधना केंद्र में संडे ध्यान में आचार्य गगन ने संजीवनी ध्यान करवाया। उन्होंने बताया कि संजीवनी ध्यान का अर्थ होता है 'जीवन का समर्थन' या 'जीवन की ऊर्जा का संग्रह। यह एक प्रमुख ध्यान पद्धति है, जो साधकों को मानसिक शांति, आत्मा का समर्थन और आध्यात्मिक उन्नति की की दिशा में मार्गदर्शन करती है। इस ध्यान पद्धति का उद्दीपन मुख्य रूप से भारतीय सांस्कृतिक और धार्मिक परंपराओं से हुआ है और यह ध्यान साधने वाले को शांति, सुख, और समृद्धि की प्राप्ति का उत्कृष्ट अनुभव करने का उद्देश्य रखता है। यह ध्यान विभिन्न आसन, प्राणायाम, मुद्राएं और मन को नियंत्रित करने के तकनीकों का समाहित मिश्रण है। साधक इस ध्यान के माध्यम से अपने मन को नियंत्रित करता है और आत्मा के साथ संयोजन प्राप्त करता है। इस ध्यान पद्धति में मुद्राएं भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

# कार सवार युवकों को ग्रामीणों ने पीटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

हांसी के एक निकटवर्ती गांव में कार सवार दो युवकों के साथ मारपीट किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। मारपीट में घायल दोनों युवकों को पुलिस ने उपचार के लिए हांसी के नागरिक अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने दोनों की गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद हिसार रेफर कर दिया। घायल युवकों की पहचान जिला चरखी दादरी के गांव गांव हडौदी निवासी रणजीत व अमन के रूप में हुई है।गाड़ी सवार युवकों के साथ मारपीट क्यों की गई इसकी पुलिस द्वारा जांच की जा रही है। रणजीत ने बताया कि वह गांव में सड़क किनारे अपनी बोलेरो गाड़ी में बैठे हुए थे कि इस दौरान अपने हाथों में लाठी डंडे लिए हुए कुछ युवक वहां आए और हमें गाड़ी से उतार कर हमारे साथ मारपीट करने लगे। रणजीत ने बताया कि युवकों की पिटाई से बचने के लिए दोनों ने खेतों में भागकर अपनी जान बचाई। भागने के दौरान वह खेतों में गिर गया और उसके साथ बुरी तरह मारपीट की और गंभीर रूप से घायल हो गए।

### हादसे में परिवार घायल दोस्त कर रहे चंदा एकत्रित

**हिसार।** अग्रोहा खंड के नंगथला गांव निवासी इंद्रजीत रानू सहित उसका परिवार एक सड़क हादसे में घायल हो गया। बताया जा रहा है कि हाल ही में वह अपनी माता के हाथ का प्लास्टर खुलवाने के लिए हिसार जा रहा था कि रास्ते में हादसा हो गया। हादसे में पूरा परिवार जिसमें उसका पिता, माता, और पत्नी घायल हो गए। वहीं इस हादसे में इंद्रजीत को गंभीर चोटें आई। पूरा परिवार हिसार के एक निजी अस्पताल में दाखिल है। गांव नंगथला के शहीद भगत सिंह ग्राम सेवा समिति के पूर्व प्रधान राजेंद्र गोदारा ने बताया कि हादसे में इंद्रजीत रानू की रीढ़ की हड्डी में चोट आई है।

# सरकार के खिलाफ 11 को डालेंगे पड़ाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद




फतेहाबाद। सीटू जिला कमेटी की बैठक में भाग लेते विभिन्न संगठनों के सदस्य।

प्रदेश में सत्तासीन भाजपा की मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ मजदूर संगठन सीटू के आह्वान पर जिलेभर से हजारों मजदूर 11 जुलाई को जिला मुख्यालय पर पड़ाव डालेंगे। यह निर्णय सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन्स (सीटू) जिला कमेटी की बीघड़ रोड स्थित कार्यालय में हुई विस्तारित बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता सीटू जिला प्रधान जगीर सिंह ने की। बैठक को संबोधित करते हुए सीटू के राज्य उपप्रधान सुखबीर सिंह ने कहा कि भाजपा नेतृत्व वाली केंद्र व राज्य की सरकारों का चरित्र पूरी तरह से मजदूर विरोधी है। पिछले 10 सालों में सरकार की मजदूर व जन विरोधी नीतियों के चलते देश में औद्योगिक व कृषि उत्पादन के क्षेत्र में लगातार गिरावट जारी है। रोजगार के अवसर बढ़ने की बजाय घटते जा रहे हैं। मजदूरों के अधिकारों को खत्म करते हुए बड़े-बड़े पूंजीपतियों और विदेशी कंपनियों को लाभ पहुंचाने के लिए सरकार ने श्रम कानून को खत्म कर चार लेबर कोड संसद के अंदर पारित किए। अब तीसरी बार सत्ता में आने पर 1 जुलाई 2024 से नोटिफिकेशन जारी कर उनको लागू किया जा रहा है। इन लेबर कोड के लाूग होने से देश में मजदूरों का शोषण बढ़ेगा। हड़ताल करने और संघर्ष करने के अधिकार को छीन जाएगा। यह कानून पुराने अदालत की ढांचों के कामकाज को पूरी तरह से बदल के रख देंगे। ऐसी-ऐसी धाराएं इन कानून में शामिल कर दी गई है कि जो भी सरकार की नीतियों की आलोचना करेगा, पुलिस को यह पूरा अधिकार दे दिया गया है कि वह आतंकवादी धाराओं के तहत मुकदमे दर्ज किए जा सकेंगे।

# ऑनलाइन व्यवस्था से मिल रहा जरूरतमंदों को योजनाओं का सीधा लाभः बराला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित करते राज्यसभा सांसद सुभाष बराला।

राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने कहा कि वर्तमान सरकार गांव, गरीब, किसान की सच्ची हितैषी है। सरकार द्वारा ऐसी विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही है जिससे गरीब व्यक्ति को मुख्यधारा में शामिल किया जा रहा है और यहीं सरकार का मुख्य ध्येय है। केंद्र व प्रदेश में ऑनलाइन व्यवस्था से जहां बिचौलिया राज खत्म हुआ है वहीं जरूरतमंदों को योजनाओं का सीधा लाभ मिल रहा है। अब घर बैठे ही पात्र व्यक्तियों की पेंशन, राशन कार्ड इत्यादि बन रहे हैं और उन्हें कार्यालय के चक्कर काटने से निजात मिली है।

सांसद सुभाष बराला स्थानीय डीपीआरसी हॉल में नये लाभार्थियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन वितरण व डॉ. बीआर अंबेडकर आवास नवीनीकरण योजना के तहत लाभार्थियों को लाभ वितरण के जिला स्तरीय कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। कार्यक्रम में फतेहाबाद के विधायक दुड़ाराम व रतिया के विधायक लक्ष्मण नापा ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। इस मौके पर विभिन्न लाभार्थियों को योजनाओं के लाभ के प्रमाण पत्र भी सौपे गए। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह पानीपत से सीधा जुड़े।

### 16 हजार 541 लाभार्थियों की बनी पेंशन

जिला में ऑनलाइन माध्यम से समाज कल्याण विभाग द्वारा कुल 16 हजार 541 नागरिकों की पेंशन स्वतः बन गई है। इनमें से 14497 वृद्धावस्था सम्मान भता योजना, 675 दिव्यांग सम्मान भता योजना, 1242 विधुर/अविवाहित पेंशन तथा 127 विधवा सम्मान भत्ता योजना शामिल है। जून माह में स्वतः ही 3710 लाभार्थियों की पेंशन बनाई गई है, जिनमें से 2923 वृद्धावस्था सम्मान भत्ता योजना, 193 दिव्यांग सम्मान भत्ता योजना, 349 विधुर/विवाहित वित्तीय सहायता तथा 245 विधवा सम्मान भत्ता योजना के लाभार्थी शामिल है। जिला में अब कुल एक लाख 49 हजार 497 लाभार्थी हो गए है।

# अपने घर का रैंप तोड़कर गेट को 3 फीट किया अन्दर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद/भूना



फतेहाबाद। गांव गोरखपुर में घर के बाहर बना रैम्प तोड़ते मजदूर।

गलियों में घरों के बाहर कई-कई फुट तक बने रैम्प लोगों के लिए परेशानी का कारण बनते हैं। ऐसे में गोरखपुर की पंचायत ने ऐसे रैम्प हटाने को लेकर चबूतरा हटाओ अभियान शुरू किया है। अच्छी बात यह है कि गांव के सरपंच मनदीप योगी ने अपने ही घर से इस अभियान की शुरूआत की है और उन्होंने अपने घर के बाहर बने रैम्प को तोड़कर गेट के 3 फीट अंदर तक कर लिया है। सरपंच का कहना है कि यदि हम ऐसे अभियान की शुरूआत स्वयं से करेंगे तो इससे दूसरे लोग भी जागरूक होंगे और पंचायत के इस अभियान में अपना सहयोग करेंगे। बता दें कि गांव गोरखपुर में सरपंच मनदीप योगी की अध्यक्षता में रविवार को चबूतरा हटाओ अभियान चलाया गया। इसका ग्राम वासियों ने पूर्ण सहयोग किया व अपने-अपने घरों के आगे से चबूतरे हटाने में सहयोग दिया। अभियान के दौरान लगभग 100 से अधिक चबूतरे व रैंप हटवाए गए। सरपंच डॉ. मनदीप योगी ने अपने घर के आगे के रैंप को हटाकर तथा मुख्य गेट को लगभग 3 फुट पीछे कर लिया है, जिसके माध्यम से उन्होंने यह संदेश और दिया है कि सभी ग्रामवासी स्वयं ही अपने अनावश्यक रैंप में चबूतरे हटाने में ग्राम पंचायत का सहयोग करें जिससे न केवल गली में सुविधा होगी अपितु घर में भी साधन इत्यादि अंदर बाहर करने में सुविधा रहती है। ग्राम वासियों ने सरपंच की इस मुहिम की काफी प्रशंसा की है तथा इसको एक ऐतिहासिक पहल बताया है। ग्रामीणों ने कहा कि इससे लोगों को प्रेरणा मिलेगी तथा गांव में भाईचारे से इस प्रकार के कार्यों को करने में बढ़ावा मिलेगा।

### क्या कहते हैं सरपंच



मनदीप योगी गोरखपुरिया, सरपंच

मेरा गांव गोरखपुर फतेहाबाद जिला का सबसे बड़ा गांव है तथा गांव का लाल डोरा भी काफी बड़ा है। ऐसे में हमने गांव के मुख्य गली के बीचो-बीच बने सैंकड़ों चबूतरे व रैंप को हटाने का अभियान चलाया है, जिसमें ग्राम वासियों ने पूर्ण सहयोग दिया। अब मैं अपने घर के रैंप को हटाकर इस अभियान को शुरू करने का काम किया है। हम विनम्रतापूर्वक इस अभियान को चलाएं रखेंगे। पूरे गांव का पूर्ण सहयोग मिल रहा है हमारा लक्ष्य है कि हम गांव गोरखपुर को शहर की तर्ज पर विकसित करेंगे।

### क्या कहते हैं ग्रामीण



सुशील कुमार, गोरखपुर

हमारे गांव के सरपंच मनदीप योगी का यह निर्णय सराहनीय है। सब के साथ मिलजुल करके रहते हैं। पड़ोस में भी इनका व्यवहार सौहार्दपूर्ण बना रहता है। रेप को हटाकर जो कार्य किया है, वह सराहनीय व प्रेरणादायक है। ऐसा कार्य करके इन्होंने गांव में एक मिसाल कायम की है तथा साथ में गांव के विकास कार्यों में भी दिन-रात लगे हुए हैं।

# नौजवान सभा 27 को नरवाना में राज्य स्तरीय कन्वेंशन करेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

जवाहर नगर स्थित सूबेसिंह स्मारक भवन में भारत की जनवादी नौजवान सभा की जिला कमेटी की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान जितेंद्र ने की जबकि संचालन मुकेश ने किया। बैठक में उपस्थित राज्य सचिव नरेश ने जिला कमेटी सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि सबसे ज्यादा बेरोजगारी की मार आज हरियाणा प्रदेश का युवा वर्ग झेल रहा है। राज्यों में हरियाणा 35.7 प्रतिशत बेरोजगारी दर के साथ टॉप पर कायम है। पिछले 5 साल में यह बेरोजगारी दर अब तक की दूसरी सबसे ज्यादा है। नरेश ने कहा कि एक तरफ हरियाणा में सबसे ज्यादा बेरोजगारी है तो दूसरी तरफ दो लाख सरकारी पद खाली पड़े हुए हैं। भर्तियां भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रही हैं। पक्की नौकरियों को धीरे-धीरे खत्म किया जा रहा है। कौशल निगम के नाम पर कच्ची भर्ती कर युवाओं का शोषण किया जा रहा है। जिला सचिव मुकेश ने बताया कि नेट परीक्षा रद्द होने से इस साल बड़ी संख्या में छात्रों के पीएचडी में दाखिले की संभावना भी खत्म हो जाएगी। विश्वविद्यालयों को निर्देश दिया जाना चाहिए कि वे पीएचडी में प्रवेश के लिए नेट को मानदंड बनाए बिना अलग से परीक्षाएं आयोजित करें। इन बार-बार की विफलताओं से निष्पक्ष और सुरक्षित परीक्षाएं आयोजित करने की एनटीए की क्षमता गंभीर रुप से प्रभावित हुई है।

# अखिल भारतीय सेवा संघ के योग शिविर का समापन

- अंतिम दिन लगभग 260 साधकों ने शिविर का लाभ उठाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

अखिल भारतीय सेवा संघ की ओर से जिंदल पार्क में आयोजित पांच दिवसीय निःशुल्क योग शिविर का रविवार को समापन हुआ। अंतिम दिन लगभग 260 साधकों ने शिविर का लाभ उठाया। शाखा के अध्यक्ष सुमित मित्तल, सचिव संजीव राजपाल व कोषाध्यक्ष सुशील गोयल ने बताया कि मुख्यतिथि के रुप में वरिष्ठ कांग्रेस नेता तेजवीर पूनिया, भारत विकास परिषद के प्रधान ऋषिराज बुड़ाकिया व मनोहर मोर्चा के जिलाध्यक्ष डॉ. हेमंत आहूजा ने दीप प्रज्वलित कर योग शिविर की शुरूआत की। पतंजलि योग समिति से योगाचार्य मुकेश कुमार, सुनील कक्कड़, वीरेंद्र बडाला व सीमा मल्होत्रा ने साधकों को अनेक प्रकार के लाभप्रद योगासन करवाए। विनय मल्होत्रा ने पांचों दिन हवन करवा कर साधकों को हवन में आहुति डालने के महत्व के बारे में बताया। बालाजी हॉस्पिटल (अग्रोहा) की तरफ से डॉक्टर दिनेश जांगड़ा व किरन जांगड़ा ने लगभग 100 से अधिक साधकों का फुल बॉडी चैकअप निःशुल्क किया। इनके अलावा शिविर में प्रांतीय कोषाध्यक्ष रामचंद्र गुप्ता, शाखा संरक्षक विनोद गोयल, राधेश्याम मेहता, प्रोजेक्ट चेयरमैन गुलशन कथूरिया आदि मौजूद रहे।

## कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारियों को लेकर कांग्रेस नेताओं की बैठक

# भूपेन्द्र सिंह हुड्डा 12 को फतेहाबाद में, कार्यकर्ताओं में उत्साह : प्रहलाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। सम्मेलन की तैयारियों को लेकर चर्चा करते वरिष्ठ कांग्रेस नेता।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा 12 जुलाई को फतेहाबाद में सम्मेलन को संबोधित कर कार्यकर्ताओं में जोश का संचार करेंगे। हरियाणा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उदयभान की अध्यक्षता में 12 जुलाई को दोपहर 2 बजे रतिया रोड स्थित शीशमहल रिसोर्ट्स में यह सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन को लेकर कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह है और कांग्रेस नेता एकजुट होकर जोर-शोर से इसकी तैयारियों में जुटे हैं। कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारियों को लेकर रविवार को पूर्व मुख्य संसदीय सचिव प्रहलाद सिंह गिलांखेड़ा के कार्यालय गिलांखेड़ा संवाद भवन में कांग्रेस नेताओं की एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता रतिया के पूर्व विधायक स. जरनैल सिंह ने की। इस बैठक में पूर्व सीपीएस प्रहलाद सिंह गिलांखेड़ा, पूर्व विधायक जरनैल सिंह, पूर्व विधायक स. निशान सिंह, वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. विरेन्द्र सिवाच, कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष रणधीर सिंह, सुरेन्द्र लेगा, गोपाल चौधरी, आनंदवीर गिलांखेड़ा सहित अनेक कांग्रेस नेता मौजूद रहे। बैठक में सम्मेलन को लेकर कार्यकर्ताओं की ड्यूटियां लगाई गई।

### विधानसभा चुनावों को मद्देनजर रखते किया आयोजन

बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व सीपीएस प्रहलाद सिंह गिलांखेड़ा ने कहा कि पूर्व सीएम भूपेन्द्र सिंह हुड्डा 12 जुलाई को फतेहाबाद में कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करेंगे। इस दौरान वे लोकसभा चुनावों में कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत के चलते कांग्रेस को मिले अभूतपूर्व समर्थन के लिए कार्यकर्ताओं का आभार जताएंगे। पूर्व विधायक जरनैल सिंह ने कहा कि इस कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन मुख्य रूप से प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनावों को मद्देनजर रखते हुए किया जा रहा है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता निशान सिंह ने कहा कि जिस प्रकार से आज न केवल जिले के लोग बल्कि प्रदेश के लोग कांग्रेस की सरकार लाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि 2019 के लोकसभा चुनावों में कांग्रेस को 28 प्रतिशत वोट मिला था जो आज 20 प्रतिशत बढ़कर 48 प्रतिशत हो गया और वहीं भाजपा का 58 प्रतिशत से घट कर 46 प्रतिशत रह गया। वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. विरेन्द्र सिवाच ने कहा कि सिरसा लोकसभा के अंर्तगत आने वाली सभी 9 विधानसभाओं में कांग्रेस को जबरदस्त लीड मिली है। विधानसभा चुनावों में भी इन सभी 9 सीटों पर कांग्रेस रिकार्ड मतों से जीत दर्ज करेगी।

## खबर संक्षेप

### ट्रेन की चपेट में आने से भादरा के व्यक्ति की मौत

**आदमपुर।** ग्राम किशनगढ़ के पास भेड़े चराने आए भादरा के गांव भीखली जाटान के एक व्यक्ति की ट्रेन के चपेट में आने से मौत हो गई। कालूराम पुत्र रामेश्वर एवं उसका एक साथी आदमपुर क्षेत्र में भेड़ चराने आए हुए थे। कालूराम को रेल लाइन के पास नींद आ गई। सुबह के समय जब वह रेल लाइन के पास सोया हुआ था तो अचानक हरियाणा एक्सप्रेस ट्रेन आ गई तथा कालूराम इसकी चपेट में आ गया। इससे उसकी मौत हो गई। उसके साथी से पूछताछ करने पर उसने मृतक का नाम पता बताया जिस पर कालूराम के परिजनों को सूचना दी गई।

### सैनी सभा में शुरू हुआ सदस्यता अभियान

**हिसार।** सैनी सभा हिसार की बैठक में सैनी सभा के सदस्य बनाने बारे प्रबन्धक कमेटी की एक बैठक राम अवतार सैनी की अध्यक्षता में हुई। यह बैठक प्राचीन श्री शीतला माता मन्दिर मौहल्ला सैनियान हिसार में हुई। इसमें सैनी समाज के 18 वर्ष से ऊपर के व्यक्तियों को सैनी सभा हिसार का सदस्य बनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में सुमित सैनी, नरेश, सुनील कुमार, मुकेश कुमार, विकास, महेंन्द्र सिंह सांखला, मक्खन लाल, मुकेश एडवोकेट, हरिसिंह सांखला आदि सदस्य मौजूद थे।

### अवैध शराब के साथ एक को किया गिरफ्तार

**नारनौंद।** बास थाना पुलिस ने 12 बोतल अवैध देशी शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान भकलाना निवासी नरेंद्र के रुप में हुई है। आरोपित युवक को अदालत में पेश करके जेल भेज दिया है। थाना बास में तैनात हेड कांस्टेबल सोमबीर ने बताया कि गश्त पड़ताल के दौरान गांव भकलाना बस स्टेंड के पास से एक व्यक्ति को 12 बोतल अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार कर आरोपित के खिलाफ थाना बास में शराब अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है।

### योजनाओं का प्रचार करेगा जनसंपर्क विभाग

**हिसार।** सूचना, जन संपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग की तरफ से 1 से 31 जुलाई तक विशेष प्रचार-प्रसार अभियान चलाया जाएगा। इस विशेष प्रचार अभियान के दौरान हिसार जिले के सभी गांवों और शहरों के वार्डों को कवर किया जाएगा। इसमें विभागीय, नियमित और सूचीबद्ध ड्रामा पार्टियां अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से सरकार की योजनाएं, नीतियों और उपलब्धियों बारे आमजन को जानकारी देंगे।

### युवाओं ने दीवारों पर की पेंटिंग

**हिसार।** वर्षा ऋतु आने वाली है और शहर की दीवारों को सुंदर बनाने के अभियान के तहत ह्यहमारा प्यार हिसारह्ल की टीम ने रविवार को वर्षा ऋतु के स्वागत के लिए विद्युत नगर दीवार पर अपने पेंटिंग अभियान को आगे बढ़ाया। पिछले हफ़्ते संस्था के सदस्यों ने दीवार को सफेद बेस बनाने का कार्य किया था। इससे पहले ग्रुप के वरिष्ठ आर्टिस्ट हरीशचन्द्र ने बेहतरीन आउटलाइन बना दी जिसमें ग्रुप के सदस्यों ने बहुत ही सुंदर अनेक रंगों के फूलों और हरी पत्तियों की कलाकृति बनाई और उनमे आकर्षक रंग भरे। आने जाने वाले राहगीरों ने सभी सुंदर आर्ट वाली कलाकृतियों को सराहा।

## रतिया शहर में जगह-जगह लगे कचरे के ढेर, शहरवासी परेशान

# करोड़ों खर्च होने के बाद भी ठेकेदार नहीं उठा रहे कचरा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रतिया

नगर पालिका द्वारा शहर में कचरा उठाने के लिए ठेकेदार को सालाना एक करोड़ रुपए से भी ज्यादा की अदायगी करने के बाद भी ठेकेदार द्वारा शहर में कई कई दिन तक कचरा नहीं उठाया जा रहा। इस कारण शहर वासियों में नगर पालिका और कचरा उठाने वाले डोर टू डोर ठेकेदार के प्रति भारी रोष पाया जा रहा है। पिछले कई दिनों से शहर में कचरा न उठाए जाने के कारण शहर के हर गली-मोहल्ले और मोड पर कचरे के ढेर लगे हुए हैं। शहर वासियों ने ठेकेदार के कायार्े की विजिलेंस जांच करने की मांग की है। शहर वासियों ने आरोप लगाते हुए बताया कि रतिया नगर पालिका द्वारा शहर के सभी 17 वाडार्े में से कचरा उठाने के लिए डोर टू डोर ठेकेदार को टेंडर अलाट किया गया था। नियमानुसार ठेकेदार द्वारा प्रतिदिन कचरा उठाया जाना जरूरी है लेकिन ठेकेदार द्वारा पिछले कई दिनों से शहर में कई इलाकों में कचरा ना उठाने के कारण शहर के सभी वार्ड और मोहलों के अलावा मुख्य मागार्े पर कचरे के बड़े-बड़े ढेर लग गए हैं। ठेकेदार द्वारा कचरा न उठाकर शहर में गंदगी का माहौल पैदा किया जा रहा है। शहर वासियों ने आरोप लगाया कि नगर पालिका द्वारा उक्त ठेकेदार को प्रतिमाह 10 लाख रुपए और पूरे साल के दौरान एक करोड रुपए से भी ज्यादा की अदायगी की जाती है लेकिन फिर भी शहर में गंदगी का माहौल बना रहता है इसलिए ठेकेदार के कायार्े की विजीलेंस द्वारा जांच करवरकर कार्रवाई की जानी चाहिए।



■ शहर के सभी 17 वार्डों में से कचरा उठाने के लिए डोर टू डोर ठेकेदार को टेंडर अलाट किया गया था, लेकिन नहीं रहे कूड़ा

### प्रति माह होती है लगभग 10 लाख की अदायगी

नगर पालिका से मिली जानकारी के अनुसार डोर टू डोर के ठेकेदार को प्रतिदिन 1414 रुपए प्रति टन कचरा उठाने के लिए दिए जाते है जो कि प्रतिदिन लगभग 31 हजार और प्रति महीना लगभग 10 लाख रुपए बनते है।

पूरे साल के एक करोड रुपए से भी ज्यादा कचरा उठाने के लिए ठेकेदार को दिए जाते हैं और ठेकेदार द्वारा प्रतिदिन कचरा उठाया जाना जरूरी है। अवकाश के दिन भी ठेकेदार द्वारा कचरा उठाया जाना आवश्यक है और जिस दिन कचरा नहीं उठाया जाता उस दिन निरीक्षण कर ठेकेदार को जुर्माना भी लगाया जाता है। लेकिन इसके बावजूद ठेकेदार कचरा नहीं उठा रहे।

### ठेकेदार को लगाया जाएगा जुर्माना : राहुल मजोका

सफाई निरीक्षक राहुल मजोका ने बताया कि पिछले कई दिनों से ठेकेदार द्वारा कचरा न उठाए जाने की शिकायत मिली है जिसको लेकर जांच की जाएगी।

### कचरा उठाने के दिए निर्देश : डीएमसी

डीएमसी संजय बिश्नोई ने बताया की ठेकेदार द्वारा पिछले कई दिनों से रतिया शहर में कचरा ना उठाने की शिकायत मिली है जिसको देखते हुए नगर पालिका सचिव को निर्देश दिए हैं।

### लोगों ने की विजिलेंस जांच की मांग

शहर वासियों ने आरोप लगाया कि नगर पालिका द्वारा उक्त ठेकेदार को प्रतिमाह 10 लाख रुपए और पूरे साल के दौरान एक करोड रुपए से भी ज्यादा की अदायगी की जाती है लेकिन फिर भी शहर में गंदगी का माहौल बना रहता है इसलिए ठेकेदार के कायार्े की विजीलेंस द्वारा जांच करवरकर कार्रवाई की जानी चाहिए।

# अशोक तंवर ने कार्यकर्ताओं के साथ सुना मन की बात कार्यक्रम



सिरसा। कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री के मन की बात सुनते डॉ. अशोक तंवर।

■ राष्ट्रीय विकास की अवधारणा के पहलू को उजागर करता है मन की बात कार्यक्रम : अशोक तंवर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा

पूर्व सांसद एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. अशोक तंवर ने रविवार को अपने सिरसा आवास पर आमजन व पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्त्रम को सुना। इस दौरान उन्होंने उपस्थितजनों ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद यह उनका रेडियो पर पहला कार्यक्त्रम है। डॉ. अशोक तंवर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विगत दस सालों से निरंतर मन की बात कार्यक्त्रम के माध्यम से देश के उन प्रतिभाशाली, परिश्रमी व्यक्तियों के संदर्भ में देशवासियों को परिचित करवाते हैं जिन्होंने अपने उद्यम से राष्ट्रीय विकास में रचनात्मक कार्य किया है और सकारात्मकता से अन्य के लिए प्रेरणादायी बने हैं। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस कार्यक्त्रम के माध्यम से आधुनिक संचार माध्यमों के बीच रेडियो की लोकप्रियता को भी पुनर् प्रतिष्ठित मंच प्रदान किया है जो कभी देश में ज्ञानार्जन का पहला साधन माना जाता था। डॉ. अशोक तंवर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जीवन के हर उस पहलु का बारीकी से उल्लेख करते हैं जिनसे देश का सम्मान उजागर होता है। उन्होंने सभी देशवासियों से आग्रह किया कि वे मानवीय विकास के पहलुओं को इंगित करते इस कार्यक्त्रम को नियमित रूप से श्रवण करने का संकल्प लें क्योंकि संकल्पसिद्धी से ही राष्ट्रीय विकास की डगर पर मजबूती से आगे बढ़ा जा सकता है। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व पूर्व सीएम मनोहरलाल का भी सिरसा में गुरुद्वारा चिल्लासाहिब को सरकार की ओर से 77 कनाल 7 मरले की भूमि प्रदान किए जाने पर उनका आभार जताया। उन्होंने कहा कि इस कार्य से पूरे सिख समाज में हर्ष है। डॉ. तंवर ने कहा कि भाजपा हर वर्ग के प्रति संवेदनशील है और सभी का हित ही उसकी प्राथमिकता है। डॉ. अशोक तंवर के साथ उनके आवास पर मन की बात कार्यक्त्रम सुनने वालों में रमेश जैन, सुरेंद्र आर्य, सुखविंद्र सिंह बराड़, श्याम बजाज, अमित सोनी, राजू बजाज, प्रदीप कंबोज, संजय गोदारा, अरविंद भुक्कर व अन्य मौजूद रहे।

# प्रदेश के स्कूलों में लगभग चार लाख दाखिले फर्जी: डॉ. ढींडसा

■ जननायक चौधरी देवीलाल विद्यापीठ सिरसा के महानिदेशक डॉ. कुलदीप सिंह ढींडसा ने की कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा

जननायक चौधरी देवीलाल विद्यापीठ सिरसा के महानिदेशक डॉ. कुलदीप सिंह ढींडसा ने बताया कि सीबीआई ने 2016 में हरियाणा के सरकारी स्कूलों में पाए गए चार लाख फर्जी छात्रों के मामले में शुक्रवार को एक प्राथमिकी दर्ज की। 2 नवंबर, 2019 को पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के आदेश पर मामला सीबीआई को सौंप दिया गया था। सीबीआई ने यह दावा करते हुए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था कि जांच के लिए भारी जनशक्ति की आवश्यकता हो सकती है और जांच रा'य पुलिस को दी जानी चाहिए।

पिछले दिनों कोर्ट ने याचिका खारिज कर दी, जिसके बाद सीबीआई ने एफआईआर दर्ज की। डॉ. ढींडसा ने बताया कि 2016 में उच्च न्यायालय को सूचित किया गया था कि 2016 में डेटा के सत्यापन से पता चला कि सरकारी स्कूलों में विभिन्न कक्षाओं में 22 लाख छात्र दिखाये गये थे जबकि वास्तव में केवल 18 लाख छात्र ही पाए गए। चार लाख दाखिले फर्जी थे। अदालत को यह भी बताया गया कि समाज के पिछ? या गरीब तबके के छात्रों को स्कूलों में आने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए मध्याह्न भोजन सहित कुछ प्रयोजन भी दिए जा रहे हैं। उच्च न्यायालय ने रा'य सतर्कता को चार लाख गैर-मौजूद छात्रों के लिए धन की संदिग्ध हेराफेरी की जांच के लिए एक वरिष्ठ अधिकारी नियुक्त करने का आदेश दिया था। बेंच ने जिम्मेदारी तय करने और निवारण के उपाय के रूप में साबित हुए अपराध के अनुरूप कार्रवाई करने का भी आदेश दिया।

# लोगों को घर बैठे मिल रहा योजनाओं का लाभ

■ विभिन्नि योजनाओं के तहत सीडीएलयू में जिला स्तरीय समारोह आयोजित, लाभार्थियों को वितिरत किए स्वीकृति पत्र

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा

प्रदेश सरकार की पारदर्शी प्रणाली के चलते लाभार्थियों को योजनाओं का सीधा लाभ मिल रहा है। ऑनलाइन व्यवस्था स्थापित होने से अब लोगों को घर बैठे ही लाभ पहुंच रहा है। यह बात बिजली मंत्री रणजीत सिंह ने रविवार को सीडीएलयू में आयोजित विभिन्नि योजनाओं के तहत लाभार्थियों के जिला स्तरीय स्वीकृति पत्र वितरण समारोह में उपस्थित लाभार्थियों को संबोधित करते हुए कही। इस दौरान



सिरसा। लाभार्थियों को स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरित करते मंत्री रणजीत सिंह।

उन्होंने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत बुजुर्ग सम्मान पेंशन, दिव्यांग, विधवा पेंशन आदि योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृत पत्र वितिरत किए। जिला सिरसा के पांच हजार से अधिक नए लाभार्थी इस योजना से जुड़े है। मुख्यातिथि सभी लाभार्थियों को बधाई व शुभकामनाए दी। बिजली मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार की क्रियान्वित सभी योजनायें अंत्योदय के भाव को सार्थक कर रही है। योजनाओं के सीधे लाभ से पात्र व्यक्ति को उसका पूरा हक सरलता से मिल रहा है। इसी कड़ी में बुजुर्ग सम्मान पेंशन अब घर बैठे अपने आप बन रही है। इसी व्यवस्था से ये नए लाभार्थी योजना से जुड़े हैं। किसी भी बुजुर्ग को कही जाने की जरूरत नही पड़ी। उन्होंने कहा कि ये सब जनहितैषी सोच के चलते व आमजन की सेवा भाव के संकल्प से ही संभव हुआ है। मुख्यमंत्री नायब सिंह के नेतृत्व की प्रदेश सरकार इसी भाव व संकल्प के साथ लोगों की की भलाई के कार्यों में लगी हुई है। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व सांसद डा. अशोक तंवर, मुख्यमंत्री के पूर्व राजनीतिक सलाहकार जगदीश चोपडा, पूर्व चेयरमैन रेणू शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेंद्र आर्य, श्याम बजाज, अमन चोपड़ा, मुकेश मेहता, तरुण गुलाटी, अतिरक्ति उपायुक्त मौजूद रहे।

## 50 रुपये की रंजिश के चलते दर्जनों लोगों ने युवक पर बोला हमला

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फतेहाबाद

गांव एमपी सौत्र में 50 रुपये को लेकर रंजिश के चलते दर्जनों लोगों ने एक मकान में घुसकर युवक पर हमला कर दिया। इन लोगों ने उसके मकान में जमकर तोड़फोड़ की और नकदी भी चोरी कर ली। घायल युवक का फतेहाबाद के सरकारी अस्पताल में उपचार चल रहा है। इस मामले में भूना पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में गांव एमपी सौत्र निवासी संदीप सिंह ने कहा है कि कुछ दिन पूर्व वह अपने बच्चों के साथ घर पर सो रहा था। उसी समय शोर सुनकर उसने मकान का गेट खेला तो देखा कि वहां बूटा सिंह, कमल सिंह, बंसी लाल, संदीप, अशोक, हर्ष, मनजीत, गुलाब निवासी एमपी सौत्र व सीताराम, जोगेन्द्र, सोहन सिंह, नरेन्द्र निवासी मढ़, मंगतराम निवासी बीराबदी व 15-20 अन्य युवक हाथों में डंडे, राडें, गंडासी व तलवारें लिए खड़े थे। इन लोगों ने आते ही उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि इन लोगों ने उसके घर में घुसकर मोटरसाइकिल, कूलर, फ्रिज, इन्वर्टर, पंखे व दरवाजे आदि तोड़ दिए। इन लोगों ने कमरे क गेट तोड़कर अलमारी को भी तोड़ डाला और उसमें से 48 हजार रुपये कैश व सोने के गहने निकाल लिए। संदीप ने कहा कि जब उसकी पत्नी ने शोर मचाया तो आस पड़ोस के लोग वहां इकट्ठा होने लगे तो आरोपित फरार हो गए।

# स्मैक व हथियारों सहित दो काबू

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जाखल

अपराधियों की धरपकड़ को लेकर जिला पुलिस द्वारा एसपी आस्था मोदी के दिशा-निर्देशानुसार स्पैशल अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में जाखल पुलिस ने गश्त के दौरान दो युवकों को काबू कर इनके पास से स्मैक के अलावा 2 पिस्टल 32 बोर व 8 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। आरोपी से पूछताछ के बाद पुलिस ने सप्लायर को भी काबू करने में कामयाबी पाई है। पकड़े गए तीनों आरोपियों की पहचान जसबीर सिंह उर्फ जस्सी पुत्र वालू राम निवासी नायक बस्ती जाखल, गुरदीप सिंह पुत्र बन्त राम निवासी चोटियां, पंजाब व जोनी पुत्र देशराज निवासी जोनी जूस वाला जाखल



फतेहाबाद। पुलिस गिरफ्त में हथियार व स्मैक सहित पकड़े गए युवक।

मंडी के रूप में हुई है। तीनों के खिलाफ थाना जाखल में अलग-अलग एनडीपीएस एक्ट व आर्म्स एक्ट के तहत मामले अंकित किये गये है। पत्रकारों से बातचीत करते हुए थाना जाखल प्रभारी कुलदीप सिंह ने बताया कि जाखल थाना की अलग-अलग टीमें क्षेत्र में गश्त कर रही थी। एएसआई कृष्ण कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम गश्त के दौरान मुखबरी के आधार पर नाकाबंदी करके आने-जाने वाले वाहनों को चैक रही थी। उसी समय एक युवक सामने पुलिस पार्टी को देखकर घबरा गया और वापिस मुड़कर भागने लगा। शक के आधार पर पुलिस कर्मचारियों ने पीछा कर युवक के काबू कर लिया।

# आस्ट्रेलिया का वर्क वीजा देने के नाम पर धोखाधड़ी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा

■ विदेश भेजने के नाम पर एक महिला से करीब 24 लाख 60 हजार रुपये ठगने का मामला सामने आया

विदेश भेजने के नाम पर एक महिला से करीब 24 लाख 60 हजार रुपये ठगने का मामला सामने आया है। सिविल लाइन थाना पुलिस ने महिला की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दर्ज करवाई शिकायत में नीतू मेहता पत्नी सुमित भंडारी बताया कि वह वर्क वीजा पर विदेश जाना चाहती थी, इसलिए वह आरोपियों के संपर्क में आई।

आरोपियों ने उसे विश्वास दिलाया कि वे हजारों लोगों को विदेश में वर्क वीजा दिलवा चुके है। आरोपियों ने उसे आस्ट्रेलिया में वर्क वीजा और परमानेंट जॉब दिलवाने की एवज में 24 लाख 60 हजार रुपये की मांग की।

आरोपियों ने उसे बताया कि वे विदेश भेजने का काम करते हैं। उसके पति सुमित भंडारी और रिश्तेदार वरूण निवासी लुधियाना के खातों से आरोपियों के कहें अनुसार पेमेंट अदा कर दी। जिस पर आरोपियों ने उसे एक आफर लेटर दिया। जिसकी उसने पड़ताल की तो वह फर्जी निकला। तकाजा करने पर उन्होंने वर्क वीजा देने की बात कहीं। उसके पति के फोन पर व्हाट्सअप पर वर्क वीजा लगवाए जाने की बात कहीं, वहीं ऑफर लेटर में फिर शक होने पर जांच की तो वह भी फर्जी निकला।

पीड़िता ने बताया कि जब वह तकाजा करने के लिए आरोपियों के कार्यालय पहुंची तो उन्होंने अपना ठिकाना ही बदल लिया। इस बारे में पुलिस को शिकायत दी। आरोपियों ने पुलिस से बचने के लिए उन्हें अपने गलत नाम बताए थे ताकि पुलिस उनके खिलाफ कोई कार्रवाई न कर सकें। आरोपियों ने चंडीगढ़ में ही आफिस खोल रखा है और वहां वे वर्क वीजा लगवाने का काम कर रहे है। यहां जाने पर उसे पता चला कि आरोपियों के नाम अंकुश, निधि और मानसी न होकर अमनप्रीत, अर्शप्रीत, स्मृति, आकाश व पूजा है। जबकि उसके पति ने पुलिस को अंकुश, निधिर और मानसी के नाम पर शिकायत दी थी। पुलिस ने पांचों आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 120बी, 406, 420, 506 के तहत मामला दर्ज किया है।

## मातृभूमि सेवा ट्रस्ट ने धांगड़ में लगाया रक्तदान शिविर

# रक्तदान के प्रति बदलती सोच समाज के लिए सकारात्मक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फतेहाबाद

किसी का जीवन बचाने के लिए रक्तदान करना जरूरी है। अपने लिए तो सभी जीते हैं परंतु दूसरों के लिए जीना बड़ी बात है। रक्तदान महादान है और इसे जीवनदान के बराबर माना गया है। यह बात वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं स्वास्तिक एनजीओ के अध्यक्ष अनिल ज्याणी ने गांव धांगड़ में मातृभूमि वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में बतौर मुख्यअतिथि रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करते हुए कही। उन्होंने रक्तदान कर रहे युवाओं से मिलकर उनका उत्साहवर्धन किया। कैम्प में पहुंचने पर ट्रस्ट के सदस्यों व ग्रामीणों ने मुख्यअतिथि का स्वागत किया। कार्यक्रम में सरपंच सुनीला नैन, ब्लाक समिति मैम्बर सीमा भादू, वीरेन्द्र कुमार भादू भी विशेष तौर पर मौजूद रहे।



फतेहाबाद। गांव धांगड़ में आयोजित शिविर में रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करते कांग्रेस नेता अनिल ज्याणी

### समाज के लिए सकारात्मक कदम

ग्रामीणों को संबोधित करते हुए अनिल ज्याणी ने कहा कि समाज के लिए यह बड़ा सकारात्मक कदम है कि अब ग्रामीण आंचल में भी लोगों में रक्तदान के लिए सोच बदलने लगी है। पहले जहां रक्तदान को स्वास्थ्य के लिए हानिकारक समझा जाता था लेकिन अब लोगों में जागरूकता आई है। उन्होंने मातृभूमि वेलफेयर ट्रस्ट के इस कदम को सराहते हुए गांव के युवाओं से सामाजिक कायार्े में बढ़चढ़ कर भाग लेने का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान करके न केवल हम दूसरों की जिदंगी बचाने का काम करते हैं बल्कि समय-समय पर रक्तदान करना हमारे अपने स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी है। इससे कई गंभीर बीमारियों से भी बच सकते हैं। उन्होंने ग्रामीणों से रक्तदान के साथ-साथ पर्यावरण बचाने की मुहिम से जुड़ने और अधिक से अधिक पौधारोपण करने का भी आह्वान किया और स्वयं भी इस अवसर पर पौधा लगाया। उन्होंने कहा कि उनका सपना फतेहाबाद जिले के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य, शिक्षा सुविधाएं मुहैया करवाना है। उन्होंने कहा कि यदि फतेहाबाद की जनता ने विधानसभा चुनावों में उन्हें मौका दिया तो वे फतेहाबाद विधानसभा को विकास के मामले में अव्वल बनाने का काम करेंगे। इस अवसर पर समाजसेवी विजय सहारण, सीताराम भादू, शिव कुमार, मुकेश कुमार, सुशील कुमार, धर्मपाल सिंह, श्रवण पूनियां, संत कुमार, मुन्ना भादू, हरनाम भादू, मास्टर छोटेलाल जस्सु, मास्टर कृष्णा जस्सु, खेताराम पूर्व सरपंच, प्रेम कारगवाल, पंछीराम बागोरिया, सीआर वर्मा, पवन पूनियां व अन्य मौजूद रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 9653530209, 9253681005